
वर्ष : 18 अंक: 47 | आगरा | सोमवार 21 अप्रैल 2025 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रू.

उत्तरप्रदेश ,मध्यप्रदेश,छत्तीसगढ़,नई दिल्ली व राजस्थान से एक साथ प्रकाशित

# सांध्य पहल

उत्तरप्रदेश में सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला हिन्दी दैनिक



आज का **तापमान**
अधिकतम 42 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

## महाराष्ट्र में 40 लाख के इनामी चार नक्सली गिरफ्तार

कमांडों की हत्या समेत गम्भीर मामलों में रहे शामिल

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के पल्ली जंगल में पुलिस ने सी-60 कमांडो की हत्या में शामिल और 40 लाख रुपये के इनामी चार कट्टर नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलवादियों की पहचान सेलू मुडेला उर्फ रघु (55), उसकी पत्नी जैनी खराटम उर्फ अखिला (41) और जंसी तलंदी उर्फ गंगू और मनीला गावड़े उर्फ सरिता (21) के रुप में की गई है। इनमें मुडेला पर 20 लाख रुपये , खराटम पर 16 लाख रुपये , तलंदी और गावड़े पर दो-दो लाख रुपये का इनाम था।

पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने रविवार को जानकारी दी कि चारों नक्सलवादी ताड़ग़ांव पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत पल्ली के एक जंगल में संदिग्ध रूप से घूम रहे थे। इसकी भनक लगते ही ताड़ग़ांव पुलिस स्टेशन की टीम ने इन चारों को गिरफ्तार कर लिया। अब तक छानबीन में पता चला है कि चारों इस साल 11 फरवरी को दिरांगी-फुलनार वन क्षेत्र में हुई मुठभेड़ के दौरान सी-60 कमांडो की हत्या में सीधे तौर पर शामिल थे। पुलिस के अनुसार सैलू मुडेला



उर्फ रघु प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) दक्षिण गढ़चिरौली डिवीजन का हिस्सा था। जैनी खराटम उर्फ अखिला भामरागढ़ एरिया कमेटी में थी, जबकि ज़ांसी तलंदी उर्फ गंगू और मनीला गावड़े भामरागढ़ एलओएस का हिस्सा थे।पुलिस के मुताबिक सैलू मुडेला 77 मामलों में शामिल था, जिसमें 34 मुठभेड़, आगजनी की सात घटनाएं, 23 हत्याएं शामिल हैं, जबकि खरातम का नाम 29 मामलों में है, जिसमें 18 मुठभेड़, आगजनी की तीन घटनाएं और चार हत्याएं शामिल हैं। ज़ांसी तलंदी कुल 14 अपराधों में शामिल रहा है, जिसमें 12 मुठभेड़ और एक हत्या शामिल है। मनीला 10 अपराधों में शामिल रहा है। इनमें चार हत्याएं और पांच मुठभेड़ और अन्य शामिल हैं। गढ़चिरौली के एसपी नीलोत्पल ने संकेत दिया है कि क्षेत्र में माओवादी विरोधी अभियान और तेज किए जाएंगे।

## मणिपुर में विभिन्न संगठनों के 10 उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर में सुरक्षाबलों ने विभिन्न अभियानों में कुल 10 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है, जो विभिन्न संगठनों से जुड़े थे और अवैध वसूली जैसी गतिविधियों में संलिप्त थे।

मणिपुर पुलिस के प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि यूएनएलएफ (पाम्बेई) के दो विद्रोहियों युमनाम नौचा सिंह उर्फ मेंगबा (24) और हिकरुजम बिद्याचंद्र सिंह उर्फ ब्रूस (28) को लामलाई थाना क्षेत्र के नपेटपल्ली एंड्रो रोड से गिरफ्तार किया गया। इनसे दो मोबाइल, दो स्लिंग बैग, एक बटुआ (3,630 रुपये) और एक आईडी कार्ड जब्त किया गया। इसके अलावा अन्य कार्रवाई में पीआरईपीएके का एक कैडर ताखेल्लामबम याइफाबा मैतेई (26) को संजेन्बम शांगशाबी गांव से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक मोबाइल और एक आधार कार्ड बरामद हुआ। वहीं केसीपी (एमएफएल) के दो कैडरों कंगबम रोहित सिंह (30) और ओइनम बॉबी मैतेई (38) को पटसोई थाना क्षेत्र से पकड़ा गया। इनके पास से तीन मोबाइल, एक बटुआ व आधार कार्ड, 7,810 रुपये नकद और दो दोपहिया वाहन बरामद हुए।इनके साथ यूपीपीके का एक कैडर निंगथूजम सनातोई सिंह (26) को लामलाई थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक मोबाइल, एक आधार कार्ड, 109 खाली कारतूस, एक कैमुफ्लाज हेलमेट, ब्लैक टैक्टिकल बेल्ट, दो नी गार्ड, पिस्टल होल्स्टर, कैमुफ्लाज पैंट, दो टी-शर्ट और एक जोड़ी बूट बरामद हुए।

## विश्व पटल पर भारत की अर्थव्यवस्था वर्ष 2029 तक तीसरे स्थान पर होगी : राजनाथ सिंह

लखनऊ में वरिष्ठ कार्यकर्ता और प्रबुद्ध जन संवाद में शामिल हुए रक्षा मंत्रीलखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल कारखाना का 11 मई करुंगा उद्घाटन : राजनाथ सिंह

**लखनऊ, एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत पहले वाला भारत नहीं है, भारत अब बदल गया है। पहले भारत की छवि कमजोर और गरीब देश की थी, लेकिन अब यह अवधारणा बदल चुकी है। अब जब भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बोलता है तो दुनिया कान खोल कर सुनती है कि भारत क्या बोल रहा है। इसीलिए यह तय किया था कि रक्षा मंत्रालय के सभी उपकरण भारत में भारतवासियों से बनाए जाएंगे क्योंकि भारत में टैलेंट की कमी नहीं है। अर्थव्यवस्था में 11वें स्थान से जम्प लेकर अब भारत पांचवें स्थान पर आ गया है और वर्ष 2029 तक विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ में वरिष्ठ कार्यकर्ता और प्रबुद्ध जन संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। राजनाथ सिंह ने तमाम विकास कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि ब्रह्मोस मिसाइल के लखनऊ में बनने का कार्य पूरा हो गया है। 11 मई को मैं इसका उद्घाटन करुंगा।

## यूएई में सोमवार से होगा वायु सेनाओं का बहुराष्ट्रीय हवाई युद्ध अभ्यास डेजर्ट फ्लैग

भारतीय वायु सेना मिग-29 और जगुआर विमानों के साथ हिस्सा लेगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संयुक्त अरब अमीरात के अल धफरा एयर बेस पर सोमवार से एक दर्जन देशों की वायु सेनाओं के बीच बहुराष्ट्रीय हवाई युद्ध अभ्यास 'डेजर्ट फ्लैग' शुरू होगा। इस हवाई अभ्यास में हिस्सा लेने के लिए भारतीय वायु सेना की टुकड़ी रविवार को यूएई पहुंच गई है। इस अभ्यास में भारतीय वायु सेना मिग-29 और जगुआर विमानों के साथ हिस्सा ले रही है।

वायु सेना के मुताबिक एक्सरसाइज डेजर्ट फ्लैग यूएई वायुसेना की ओर से आयोजित बहुराष्ट्रीय अभ्यास है, जिसमें भारतीय वायुसेना के अलावा ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, फ्रांस, जर्मनी, कतर सऊदी अरब, कोरिया गणराज्य, तुर्की, यूएई, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका की वायु सेनाओं की




टुकड़ियां भाग लेंगी। यह अभ्यास 21 अप्रैल से 08 मई के बीच होगा। इस अभ्यास का उद्देश्य दुनिया की कुछ सबसे सक्षम वायु सेनाओं के साथ परिचालन ज्ञान और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान के साथ जटिल और विविध लड़ाकू अभियानों को अंजाम देना है। इस तरह के अभ्यासों में भाग लेने से आपसी समझ और अंतर-संचालन क्षमता बढ़ती है और भाग लेने वाले देशों के बीच सैन्य सहयोग मजबूत होता है। भारतीय वायुसेना की भागीदारी इस अभ्यास में मित्र देशों के साथ रक्षा संबंधों और अंतर-संचालन क्षमता को मजबूत करने की भारत की प्रतिबद्धता दर्शाती है।

## वक्फ बोर्ड के कथित ट्रस्टियों पर 20 साल से किराया जमा नहीं कराने पर मुकदमा, 5 आरोपित गिरफ्तार

करीब 100 करोड़ रुपये की सम्पत्ति के निजी उपयोग का आरोप

**अहमदाबाद, एजेंसी ।** अहमदाबाद के जमालपुर क्षेत्र के कांच की मस्जिद और शाह बडा कासम ट्रस्ट में कथित ट्रस्टियों ने अवैध निर्माण कर करीब 20 साल तक किराया वसूली की। यह राशि वक्फ बोर्ड में जमा नहीं कराने के आरोप में पुलिस ने सलीम खान समेत 5 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों ने वक्फ बोर्ड और अहमदाबाद




म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन (एएमसी) की ओर से दी गई जमीन पर अवैध दुकान और मकान बनाकर लाखों रुपये किराए के तौर पर वसूले। प्राथमिकी के अनुसार पांचों आरोपित वक्फ बोर्ड के ट्रस्टी नहीं होने के बावजूद लोगों से किराया वसूला करते थे।

जानकारी के अनुसार जमालपुर कांच की मस्जिद के पास रहने वाला मोहम्मद रफीक अंसारी ने गायकवाड हवेली स्थित पुलिस थाने में इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी के अनुसार शिकायतकर्ता मोहम्मद रफीक अंसारी ने बताया कि वह वर्षों से कांच की मस्जिद ट्रस्ट की सम्पत्ति में रहता है। ट्रस्ट के सभी पुराने ट्रस्टियों की मौत हो चुकी है। मस्जिद ट्रस्ट में मस्जिद से सटी जमीन का प्लॉट है। वर्षों पहले इस जमीन को ट्रस्टियों ने एएमसी को सौंपी थी।

मप्र के मंदसौर का गांधी सागर अभयारण्य बना चीतों का नया आशियाना

## मुख्यमंत्री ने खुले बाड़े में छोड़े दो चीते

**मंदसौर, एजेंसी ।** मध्य प्रदेश में मंदसौर जिले का गांधी सागर अभयारण्य चीतों का नया आशियाना बन गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार शाम को कूनो राष्ट्रीय उद्यान से लाए गए दो चीतों पावक और प्रभास को गांधी सागर अभयारण्य के बाड़े में रिलीज किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पिंजरे का लीवर दबाकर गेट खोला, जिसके बाद एक चीता बाहर आया और दौड़ लगा दी। वह थोड़ी दूर जाकर रुका, फिर पलटकर देखा। कुछ ही देर में मुख्यमंत्री ने दूसरे पिंजरे का गेट खोला। इसमें चीता



फौरन बाहर नहीं आया। पीछे से पिंजरें को धकेलना पड़ा, जिसके बाद वह बाहर आया और दौड़ लगा दी। चीतों को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे। नर चीते पावक और प्रभाष करीब 6-6 साल के हैं। इन दोनों को दक्षिण अफ्रीका से 18 फरवरी 2023 को लाया गया था।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान सांसद सुधीर गुप्ता, वित्त मंत्री और उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, विधायकगण अनिरुद्ध माधव मारू व दिलीप सिंह सिंह और पूर्व केन्द्रीय मंत्री नेता सत्यनारायण जटिया मौजूद रहे।

### संक्षिप्त समाचार

## मणिपुर का पीएलए उग्रवादी गुवाहाटी में गिरफ्तार

**गुवाहाटी,एजेंसी।** गुवाहाटी पुलिस ने एक संयुक्त अभियान के तहत मणिपुर की प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया। उस पर मणिपुर में कई उग्रवादी कार्रवाइयों में शामिल होने का संदेह है।गिरफ्तार किए गए उग्रवादी की पहचान मणिपुर के काकचिंग जिले निवासी 31 वर्षीय मयंगलंबम बॉबी सिंह के रूप में हुई है। वह गुवाहाटी के पलटन बाजार स्थित एक होटल में छिपा हुआ था। सूत्रों के अनुसार, वह इससे पहले बेहारबाड़ी के एक अन्य होटल में रुका हुआ था। इस कार्रवाई को बशिष्ठ पुलिस थाने द्वारा गजराज इंटेलिजेंस की सहायता से अंजाम दी गई।गुवाहाटी पुलिस के डीसीपी (ईस्ट) मृणाल डेका ने रविवार को बताया कि सिंह मणिपुर में हथियारबंद गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल था। फिलहाल वह पुलिस हिरासत में है और उससे पूछताछ जारी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपित के अन्य उग्रवादियों से संबंधों की भी जांच की जा रही है। जांच के दौरान और भी गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

## ममता ने भाजपा पर लगाया पश्चिम बंगाल में सांप्रदायिक तनाव भड़काने का आरोप

**कोलकाता, एजेंसी।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य की हालिया घटनाओं को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि भाजपा पश्चिम बंगाल में सांप्रदायिक तनाव फैलाने की कोशिश कर रही है।

मुख्यमंत्री ने यह आरोप एक खुले पत्र के माध्यम से लगाया, जिसमें उन्होंने राज्यवासियों को सतर्क रहने की अपील की। ममता ने लिखा, ÷भाजपा और उसके सहयोगी अचानक पश्चिम बंगाल में बेहद आक्रामक हो गए हैं। इनके सहयोगियों में आरएसएस भी शामिल है। ये लोग एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना की आड़ में जानबूझकर उकसावे की राजनीति कर रहे हैं।÷

ममता ने लिखा, हम सबको प्रेम करते हैं, मिलकर रहना चाहते हैं। हम दंगों की निंदा करते हैं और उसके सख्त खिलाफ हैं। ये लोग हमें बांटने की साजिश कर रहे हैं ताकि संकीर्ण राजनीतिक लाभ हासिल किया जा सके।

## कांग्रेस नेताओं को झूठे मुकदमों में उलझाने की कोशिश : मल्लिकार्जुन



**पटना, एजेंसी।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दावा किया है कि कांग्रेस नेताओं को झूठे मुकदमे में उलझाने की कोशिशें की जा रही हैं। बिहार के बक्सर में रविवार को एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए उन्होंने भाजपा पर षड्यंत्र के आरोप लगाए।

खरगे ने दावा किया कि कांग्रेस नेताओं पर पिछले दस साल में अनगिनत रेड हुए लेकिन निकला कुछ नहीं। ईडी ने 193 नेताओं पर केस किया लेकिन केवल दो मामले साबित कर पाये। खरगे का कहना है कि नेशनल हेराल्ड मामले में जिस परिवार को बदनाम करने का प्रयास किया गया, उसके घर का हर सदस्य आजादी के आंदोलन में जेल में रहा। आजादी के पहले आनंद भवन और स्वराज भवन जैसी संपत्ति देश को समर्पित कर दिया।

## शिमला में बारिश और ओलावृष्टि से लौटी ठंड, कल से खुलेगा मौसम

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में रविवार को मौसम के कड़े तेवर देखने को मिले। गर्मी के बीच शिमला समेत राज्य के कई हिस्सों में तेज बारिश और ओलावृष्टि हुई, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई और ठंड का असर एक बार फिर लौट आया। शिमला शहर में सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और दोपहर को तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। इस दौरान कई इलाकों में बड़े आकार के ओले भी गिरे। मौसम के इस अचानक बदले मिजाज से स्थानीय लोग ठिठुरने लगे, जबकि गर्मी से राहत की उम्मीद लेकर आए पर्यटक भी ठंड से परेशान दिखे।

## असम जेल में बंद अमृतपाल के विरुद्ध एनएसए एक साल के लिए बढ़ा

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब सरकार ने खडूर साहिब से कट्?टरपंथी सांसद अमृतपाल सिंह के विरुद्ध लगाया गया राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) एक साल के लिए बढ़ा दिया है। जिसके बाद अमृतपाल सिंह अब एक साल और असम की डिब्रूगढ़ जेल में रहेंगे। यह अवधि 23 अप्रैल से लागू होगी। अमृतपाल सिंह 23 अप्रैल 2023 से हिरासत में है। उसकी गिरफ्तारी के तुरंत बाद ही उस पर एनएसए लगा दिया गया था और उसे असम की डिब्रूगढ़ जेल में भेज दिया गया था। सरकार ने उसकी गतिविधियों को राज्य की सुरक्षा के लिए खतरा बताते हुए एनएसए लगाया था। पंजाब सरकार अमृतपाल के नौ साथियों पर लगाया एनएसए समाप्त करके उन्हें पंजाब की जेलों में शिफ्ट कर चुकी है। अमृतपाल के विरुद्ध लगाया गया एनएसए 22 अप्रैल को समाप्त होने जा रहा है, जिसके चलते यह अटकलें कई दिनों से लग रही थी कि सरकार अन्य की तरह अमृतपाल से भी एनएसए हटाकर उसे पंजाब की जेल में शिफ्ट कर सकती है। हालांकि सरकार ने अमृतपाल के एनएसए की अवधि को बढ़ाने का फैसला किया। पंजाब सरकार की ओर से रविवार को एक पत्र मीडिया में जारी किया गया। जिस पर अमृतपाल सिंह ने 18 अप्रैल को हस्ताक्षर भी कर दिए हैं। नया एनएसए 23 अप्रैल से लागू होगा। अगर इसकी अवधि तीसरी बार बढ़ाई जाती है तो परिवार पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटा सकता है।

## सपा दलितों की हितैषी नहीं हो सकती : मायावती

**लखनऊ, एजेंसी ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने रविवार को समाजवादी पार्टी (सपा) पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस व भाजपा आदि की तरह ही सपा भी अपनी नीयत व नीति में खोट-द्वेष है, इस कारण सपा कभी भी दलितों-बहुजनों की सच्ची हितैषी नहीं हो सकती है। वोटों के स्वार्थ की खातिर लगातार छलावा करती रहेगी, जबकि बसपा बहुजन समाज' को शासक वर्ग बनाने के लिए हमेश संघर्ष करती रहेगी।

मायावती ने रविवार को एक्स पर अपनी एक पोस्ट में लिखा, %कांग्रेस-भाजपा की तरह सपा में भी गरीबी, जातिवादी शोषण व अन्याय-अत्याचार आदि को समाप्त करने की इच्छाशक्ति नहीं है। दलितों को संवैधानिक अधिकार देकर उनका वास्तविक कल्याण व उत्थान करना तो दूर की बात है। इसके कारण वे मुख्यधारा से कोसों दूर हैं। बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि सपा के लोगों ने हमेशा बसपा के साथ विश्वासघात किया है। 2 जून को सपा नेतृत्व पर जानलेवा हमला, संसद में पदोन्नति में आरक्षण का बिल फाड़ना, संतों, गुरुओं व महापुरुषों के सम्मान में बनाए गए नए जिलों, पार्कों, शैक्षणिक व मेडिकल कॉलेजों के नाम बदलना आदि ऐसे घोर जातिवादी कृत्य हैं, जिन्हें माफ करना असंभव है।

## ब्राह्मण रक्षा मंच ने फिल्म 'फुले' का किया विरोध, नफरती दृश्य हटाने की मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ब्राह्मण रक्षा मंच ने हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'फुले' में ब्राह्मण विरोधी नफरत फैलाने वाले दृश्यों को तुरंत हटाने की मांग की है। रविवार को मंच के प्रमुख सदस्यों ने एकत्र होकर इस फिल्म का पुरजोर विरोध किया और कहा कि जब तक ये दृश्य हटाए नहीं जाते या फिल्म का प्रसारण रोका नहीं जाता, तब तक ब्राह्मण समाज चैन से नहीं बैठेगा।




दिल्ली के प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में मंच के महन्त सतीश दास जी महाराज, महन्त भोला गिरि जी महाराज, और अन्य सदस्यों ने फिल्म पर आपत्ति जताते हुए बताया कि इस फिल्म को ज्योतिबा फुले के नाम पर ब्राह्मण समाज के गौरवशाली इतिहास को धूमिल करने की साजिश के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ज्ञापन देकर फिल्म के प्रसारण पर रोक लगाने की मांग की है।

वक्ताओं ने कहा कि ब्राह्मण समाज ने हमेशा समाज के सभी वर्गों को एक साथ लाने का कार्य किया है और यह अपमान केवल ब्राह्मण समुदाय ही नहीं, बल्कि संपूर्ण सनातन संस्कृति के लिए स्वीकार्य नहीं है। उनका कहना था कि फिल्म में ब्राह्मणों को गलत तरीके से प्रस्तुत करके दर्शाया गया है कि वे महिलाओं को शिक्षा से वंचित रखने का प्रयास कर रहे हैं, जो पूरी तरह से गलत है।

## मप्र के दमोह में खाली पार्सल ट्रेन पटरी से उतरी, थर्ड लाइन और दमोह-सागर अप ट्रैक हुआ बाधित

**दमोह, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के दमोह रेलवे स्टेशन पर रविवार को एक बड़ा रेल हादसा टल गया। यहां मलैया मिल रेलवे फाटक के पास एक खाली पार्सल ट्रेन पटरी से नीचे उतर गई। गाड़ी के दो डिब्बे ट्रैक से नीचे आ गए और ट्रेन विद्युत पोल से टकरा गई। इससे थर्ड लाइन और दमोह सागर अप ट्रैक बाधित हो गया। इसके कारण यात्री सेवा प्रभावित हुई है। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे के अधिकारी-कर्मचारी ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य में जुट गए हैं।

घटना रविवार दोपहर करीब 3:00 बजे की है। बताया गया कि कटनी से बीना जा रही एक खाली पार्सल ट्रेन की तीन बोगियों के पहिए पटरी से उतर गए। ट्रैक से नीचे उतरी ट्रेन की ये बोगियां विद्युत पोल से टकरा गई, जिससे विद्युत पोल बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रेन खाली होने के कारण कोई जनहानि नहीं हुई।

# सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के लिये हो प्रभावी कार्रवाई : कलेक्टर श्रीमती चौहान

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश



**ग्वालियर।** कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने कहा है कि सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के लिये प्रभावी कार्रवाई की जाए। जहाँ भी आवश्यक है वहाँ पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी अवश्य की जाए। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने उच्च न्यायालय द्वारा एसडब्ल्यूएम के संबंध में दिए गए निर्देशों के परिपालन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों की बैठक में यह निर्देश दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में कलेक्टर श्रीमती चौहान ने कहा कि सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के संबंध में प्रभावी कार्रवाई के साथ-साथ जन जागरूकता के कार्य को भी प्राथमिकता के साथ किया जाए। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय सहित निगम के अधिकारीगण एवं विभागीय अधिकारी शामिल हुए। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध होने के बाद भी बाजारों में पॉलीथिन का उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित नहीं हुआ है। पॉलीथिन का थोक विक्रय करने वाले एवं पॉलीथिन का निर्माण करने वालों को चिन्हित कर उन पर प्रभावी कार्रवाई की जाए। ऐसे सभी थोक विक्रेताओं को चिन्हित कर नोटिस जारी किया जाए एवं निर्धारित अवधि के पश्चात भी पॉलीथिन का उपयोग या विक्रय पाया जाता है तो संबंधित विक्रेता के विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई की जाए। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने पेयजल के दुरुपयोग को रोकने के साथ-साथ जो व्यवसायिक जल उपभोक्ता हैं उनको चिन्हित कर उनके संस्थान में वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य को अनिवार्यतः कराया जाए। निगम के मैदानी अधिकारी इस कार्य को प्राथमिकता के साथ निर्धारित समय-सीमा में करें। उन्होंने वायु प्रदूषण को रोकने के लिये सभी निर्माण कार्यों पर ग्रीन नेट लगाने को अनिवार्य करने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि निगम द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों पर ग्रीन नेट अवश्य लगाएँ। जिन निर्माण कार्यों पर ग्रीन नेट नहीं पाया जाए, वहाँ पर संबंधित भवन अधिकारी के विरूद्ध कार्रवाई की जाए। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने ग्वालियर शहर में एकत्र हो रहे कचरे के निष्पादन पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि डम्पिंग स्टेशन पर एकत्रित कचरे का निष्पादन प्राथमिकता के साथ किया जाए। निगम के अधिकारी गर्मी के मौसम को देखते हुए अधिक से अधिक कचरा निष्पादन की कार्रवाई सुनिश्चित करें। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के संबंध में निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्यों पर ग्रीन नेट लगाने के निर्देश सभी विभागीय अधिकारियों को दिए गए हैं। शासकीय निर्माण कार्यों पर भी ग्रीन नेट लगे, यह सुनिश्चित किया जायेगा। शहर में पेयजल का दुरुपयोग करने वालों के विरूद्ध निरंतर कार्रवाई की जा रही है। धुलाई सेंटरों को बंद कराने की कार्रवाई भी निगम द्वारा की गई है। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के तहत कचरे के निष्पादन का कार्य भी निरंतर किया जा रहा है। इसके लिये निगम द्वारा एक प्रस्ताव भी शासन स्तर पर भेजा गया है। जिसकी स्वीकृति आने पर शेष कार्य भी तत्परता से पूरा किया जायेगा। उन्होंने यह भी बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न हो, इसके लिये भी निगम अभियान चलाकर कार्य कर रहा है। थोक पॉलीथिन विक्रेता एवं निर्माताओं के विरूद्ध भी निगम द्वारा तत्परता से कार्रवाई की जायेगी।

# एमपी ट्रांसको वेबसाइट पर पेंशनरों के लिये बढ़ी सुविधाएं : ऊर्जा मंत्री श्री तोमर



**भोपाल।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने अपने पेंशनरों और उनके आश्रितों के लिए ऑनलाइन सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर नई सुविधाएँ शुरू करने के बाद अब उसमें और अनेक नई सुविधाओं को जोड़ा है। अब पेंशनर कहीं से भी डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। एमपी ट्रांसको के मुख्य वित्तीय अधिकारी श्री मुकुल महरोत्रा ने बताया कि पहले पेंशनरों या उनके आश्रितों को जीवन प्रमाण-पत्र जमा करने के लिए एमपी ट्रांसको के कार्यालयों में जाना पड़ता था, लेकिन अब यह आवश्यकता समाप्त कर दी गई है। नई सुविधा के साथ, डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र सेवा अब वेबसाइट पर आसानी से उपलब्ध है। पेंशनर अब अपनी पेंशन की स्थिति की जांच कर सकते हैं और वर्तमान जीवन प्रमाण-पत्र की वैधता भी ऑनलाइन देख सकते हैं। इससे उन्हें समय पर डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र जमा करने में मदद मिलेगी। इसके अतिरिक्त, वेबसाइट पर एक समर्पित टैब भी जोड़ा गया है, जहाँ पेंशनर अपनी पेंशन स्लिप देख और डाउनलोड कर सकते हैं। इनकम टैक्स फॉर्म-16 एक्सेस कर सकते हैं और डाउनलोड कर सकते हैं। वर्तमान में, एमपी ट्रांसको के सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन और पारिवारिक पेंशन यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के माध्यम से वितरित की जाती है, जिसमें 4,285 पेंशनर जुड़े हुए हैं। भविष्य में इस प्रणाली को अन्य बैंकों से भी जोड़ने की योजना है।

# उद्यानिकी के साथ खाद्य प्र-संस्करण हब के रूप में उभरा मध्यप्रदेश

## किसानों की आर्थिक समृद्धि का आधार बनी उद्यानिकी फसलें

**भोपाल।** उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण के क्षेत्र में जिस गति से मध्यप्रदेश ने अपनी पहचान राष्ट्रीय स्तर पर बनाई है, उससे प्रदेश की उद्यानिकी फसलों के प्रति देश और विदेशों में खासी मांग भी बढ़ रही है। इससे प्रदेश के किसानों को आर्थिक संबल भी मिल रहा है। मध्यप्रदेश उद्यानिकी के साथ खाद्य प्र-संस्करण का मुख्य हब बन कर उभरा है। गत फरवरी माह में भोपाल में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में निवेशकों से उद्यानिकी क्षेत्र में 4 हजार करोड़ रूपये से अधिक का निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। यह निवेश प्रस्ताव मध्यप्रदेश के उद्यानिकी क्षेत्री में हुए नवाचारों और बड़े पैमाने पर हो रहे उत्पादन को दर्शाता हैं। मध्यप्रदेश में गत 5 वर्षों में उद्यानिकी के रकबा में 23.72 प्रतिशत वृद्धि हुई। वर्ष 2019-20 में उद्यानिकी फसलों का रकबा 21.75 लाख लाख हेक्टेयर था जो वर्ष 2023-24 में बढ़कर 26.91 लाख हैक्टेयर हो गया है। मध्यप्रदेश में गत 20 वर्षों में छोटे के साथ बड़ी कृषि-जोत रखने वाले किसान भाइयों ने %कैश-क्रॉप% के रूप में उद्यानिकी फसलों को लेना शुरू कर दिया है इस कारण उद्यानिकी फसलों (फल, सब्जी, मसाला पुष्प एवं औषधियों) का रकबा 4 लाख 67 हजार हैक्टेयर से 27 लाख 71 हजार हैक्टेयर यानिकी लगभग 500 प्रतिशत की तथा उत्पादन 35 लाख 40 हजार मीट्रिक टन से बढ़कर 417 लाख 89 हजार मीट्रिक टन हो गया। इस तरह उत्पादन में 1000 प्रतिशत की ऐतिहासिक वृद्धि हुई है। परिणामस्वरूप मध्यप्रदेश उद्यानिकी के साथ खाद्य प्र-संस्करण का मुख्य हब बन रहा है। मध्यप्रदेश की जलवायु उद्यानिकी फसलों के लिये अनुकूल होने के साथ सिंचाई सुविधाएँ भी अन्य राज्यों से बेहतर है। प्रदेश का कुल उद्यानिकी रकबा का 5 लाख 54 हजार हैक्टेयर मध्यप्रदेश में उद्यानिकी फसलों की उत्पादकता 15.02 टन प्रति हैक्टयर है, जो देश की उद्यानिकी फसलों की औसत उत्पादकता 12.19 टन प्रति हैक्टेयर से 23.21 प्रतिशत अधिक है। खाद्यान फसलों की उत्पादकता 2.82 टन प्रति हैक्टेयर की तुलना में उद्यानिकी फसलों की उत्पादकता 15.02 टन प्रति हैक्टेयर है, जो 5 गुनी से अधिक है। आने वाले वर्षों में मध्यप्रदेश में उद्यानिकी (बागवानी) प्रदेश के किसान भाइयों की आय का मुख्य घटक बनकर उभरेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नदी जोड़ो सपने को सकार करने के लिये परियोजनाओं को धरातल पर लाने का प्रयास प्रारंभ किया गया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल ÷मिले जल हमारा तुम्हारा÷ के प्रयास पर मध्यप्रदेश में 24 हजार 293 करोड़ की अनुमानित लागतसे केन-बेतवा लिंक परियोजना, 35 हजार करोड़ की लागत से पार्वती-कालीसिंध-चम्बल अन्तर्राज्यीय नदी लिंक परियोजनाओं का कार्य प्रारंभ हो चुका है। ताप्ती नदी बेसिन मेगा रिचार्ज योजना महाराष्ट्र सरकार के साथ प्रारंभ किया जा रहा है। साथ ही वर्ष 2025-26 में 19 वृहद एवं मध्यम तथा 87 लघु सिंचाई परियोजनाएँ प्रस्तावित हैं। इन परियोजनाओं से प्रदेश के सिंचित रकबे में आशातीत वृद्धि होगी। उद्यानिकी विभाग द्वारा भी किसानों को सूक्ष्म सिंचाई प्रयासों के तहत ड्रिप/स्प्रिकंलर संयंत्र करने के लिये अनुदान देकर प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्रदेश में 22 हजार 167 हितग्राहियों 130 करोड़ रूपये का अनुदान प्रदान कर 26 हजार 355 हैक्टेयर फसलों को बेहतर सिंचाई सुविधा मुहैया कराई गई है। ÷पर ड्रॉप मोर क्रॉप÷ योजना के तहत राष्ट्रीय उद्यानिकी मिशन के तहत वर्ष 2025-26 के लिये 100 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इन सभी प्रयासों के परिणाम स्वरूप ही मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा आगामी 5 वर्षों में उद्यानिकी फसलों का रकबा 26.91 लाख हैक्टेयर से बढ़ाकर 33 लाख 91 हजार हैक्टेयर करने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य की पूर्ति में उद्यानिकी विभाग के प्रयास सराहनीय है। जिला स्तर की 40 नर्सरियों और ई-नर्सरी को हाईटेक बनाया गया है, पौधे के लिये ऑनलाइन पोर्टल बनाया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा रिक्त पड़ी सरकारी जमीनों पर नई नर्सरी पीपीपी मोड पर विकसित करने के निर्देश दिये है। प्रदेश में इजराइली तकनीकि से 14.74 करोड़ की लागत से 3 सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस, मुरैना में हाई वैल्यू वेजिटेबल, छिंदवाड़ा में नीबू वर्गीय फसलों तथा हरदा में निर्यात उन्मुख (आम और सब्जी) के लिये स्थापित किये जाना है। इसी क्रम में मुरैना में पीपीपी मोड में आलू की समग्र खेती की परियोजना प्रारंभ की गई, इसमें किसानों ने गत 3 वर्षों में आलू की अनेक नई किस्म विकसित की है। ग्वालियर में 13 करोड़ रूपये की लागत से हाईटेक फ्लोरी कल्चर नर्सरी भी बनाई जा रही है। उद्यानिकी फसलों के उत्पादन में प्रदेश की स्थिति की बात करें तो मध्यप्रदेश संतरा, मसाले लहसुन, अदरक और धनिया के उत्पादन में देश में प्रथम स्थान पर है। मटर, प्याज, मिर्च, अदरक में दूसरे तथा फूल, औषधियों एवं सुगंधित पौधों के उत्पादन में देश में तीसरे स्थान पर है। प्रदेश में फसलों का रकबा भागीदरी फल 4.61 लाख हैक्टेयर, सब्जी 12.40 लाख हैक्टेयर, मसालें 8.99 लाख हैक्टेयर, पुष्प 14 हजार हैक्टेयर तथा औषधी एवं सुंगधित पौधे 48 हजार हैक्टेयर में पैदा किये जा रहे है। राज्य सरकार उद्यानिकी फसलों को प्रोत्साहित करने के लिये लगातार प्रयास कर रही है, फसलों को वैश्विक पहचान-त्वढ्ढ टैग दिलाने के प्रयास जारी है। प्रदेश के रीवा के सुंदरजा आम और रतलाम के रियावन लहसुन को त्वढ्ढ ञ्जड्डद्द मिल चुका है। प्रदेश की 15 उद्यानिकी फसलें इनमें खरगौन की लालमिर्च, जबलपुर की मटर, बुरहानपुर का केला, सिवनी का सीताफल, नरसिंहपुर (बरमान) का बैंगन, बैतूल का गजरिया आम, रतलाम की बालम ककड़ी, जबलपुर का सिंघाड़ा, इंदौर का जीरा, धार की खुरासानी इमली, इंदौर के मालवी गराडू, देवास के मावाबाटी और सतना की खुरचन को भी वैश्विक पहचान त्वढ्ढ दिलाने के प्रयास किया जा रहा है। उत्पादित फसलों की वैल्यू एडिशन (मूल्य वर्धन) के लिये आवश्यक है कि उत्पादित फसलों की प्रोसेसिंग कर बाजार में भेजा जाये। इससे किसान को भी अच्छे दाम मिल सकेंगे और रोजगार भी उपलब्ध होगा। इसी उद्देश्य से अच्छे दाम पर विक्रय के लिये प्रदेश में 1982 में खाद्य प्र-संस्करण विभाग की स्थापना की गई थी जो पूर्व में कृषि विभाग का हिस्सा था। वर्ष 2005 से उद्यानिकी के साथ है। प्रदेश में सूक्ष्म खाद्य ईकाइयों और प्र-संस्करण उद्यागों संवर्धन नीति-2014 के क्रम में खाद्य प्र-संस्करण उद्योगों को वित्तिय सहायता प्रदान की जाती है। 25 करोड़ तक की परियोजना में 10 प्रतिशत 2.5 करोड़ रूपये अनुदान दिया जाता है। वर्ष 2018 से 2024-25 तक 85 करोड़ से अधिक राशि की 242 इकाइयाँ स्थापित हुई है। केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम योजना (क्करू स्नरूश्व) योजना में 2021-22 से 2024-25 तक 11597 ईकाइयों की रिकार्ड स्थापना हुई है।

इसमें निजी ईकाइयों को अधिकतम 35 प्रतिशत तक क्रेडिट लिंक अनुदान दिया जाता है। उत्पादित सामग्री को बाजार मुहैया कराने के प्रयास लगातार जारी है। जुलाई 2024 में क्रेता-विक्रेता सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा विभागीय समीक्षा बैठक में मध्यप्रदेश में उद्यानिकी खाद्य प्र-संस्करण पर केन्द्रित मेले और वर्कशॉप आयोजित करने, प्रदेश में एक विशेष उद्यानिकी और प्र-संस्करण समिट आयोजित किये जाने पर जोर दिया है जो राज्य सरकार की प्रतिबद्धता के साथ उद्यानिकी के बढ़ते हुए महत्व को सिद्ध करती है। प्रदेश के किसानों की खुशहाली और राज्य का आर्थिक स्वंलम्बन उद्यानिकी में छिपा हुआ है। सरकार और किसान दोनों इस ओर बढ़ रहे हैं। निश्चित ही इसके अच्छे परिणाम आयेंगे।

# बाल विवाह रोकने के लिए उड़न दस्ते गठित

## अक्षय तृतीया सहित अन्य मुहूर्त पर होने वाले विवाहों पर रखेंगे नज़र

**ग्वालियर।** अक्षय तृतीया एवं अन्य मुहूर्त पर आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह एवं एकल विवाह समारोह में बाल विवाह रोकने एवं जागरूक करने तथा होने वाले बाल विवाह को रोकने के लिये कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान द्वारा उड़नदस्ते गठित किए हैं। उन्होंने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अन्तर्गत कानूनी कार्यवाही करने के उद्देश्य से विकासखण्ड स्तर से लेकर ग्राम स्तर तक बाल विवाह रोको ÷उडन दस्तों÷ का गठन किया है। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने उड़नदस्तों में शामिल अधिकारी एवं कर्मचारियों को पूरी गंभीरता के साथ सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए हैं। ये सभी दल परस्पर समन्वय स्थापित कर संबंधित शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित होने वाले एकल विवाह व सामूहिक विवाह साम्मेलनों में निगरानी करेगें। यदि बाल विवाह का कोई भी प्रकरण पाया जाता है तो तत्काल कार्यवाही कर विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। जिसकी एक प्रति जिला कार्यकम अधिकारी महिला एवं बाल विकास को देना होगी।

**विकास खण्ड स्तरीय बाल विवाह रोको उडनदस्ता**

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), तहसीलदार, समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं महिला बाल विकास विभाग के संबंधित सेक्टर पर्यवेक्षक शामिल किए गए हैं।

**ग्राम स्तरीय उड़नदस्ता**

ग्राम स्तर पर बाल विवाह रोकने के लिए गठित उड़नदस्ता में शासकीय हायर सेकेण्डरी व हाई स्कूल के प्राचार्य, माध्यमिक व प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक, ग्राम पंचायत के सरपंच, पंच व सचिव, आगनवाडी व कार्यकर्ता आशा कार्यकर्ता, स्वसहायता समूह व शौर्यादल के सदस्य एवं संबंधित क्षेत्र के पुलिस बीट प्रभारी शामिल किए गए हैं।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव 24 अप्रैल को ग्वालियर में विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण

## जल गंगा संवर्धन अभियान में भी करेंगे भागीदारी, प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की

**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 24 अप्रैल को ग्वालियर में करोड़ों रूपए के विकास कार्यों की सौगात देने के साथ ही ÷जल गंगा संवर्धन अभियान÷ के तहत किए जा रहे कार्यों में भी सहभागिता करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ग्वालियर में हजीरा क्षेत्र में स्थित फुटबॉल मैदान में आयोजित लोकार्पण समारोह में शहर को कई सौगातें प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ग्वालियर जिले के निरावली ग्राम में पहुँचकर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तालाब के गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य में सहभागिता करेंगे। केन्द्रीय संचार मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, उद्यानिकी मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह, ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह, क्षेत्रीय सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह सहित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहेंगे। प्रदेश के जल संसाधन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने रविवार को विकास कार्यों के लोकार्पण समारोह की तैयारियों को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की एवं आयोजन को पूर्ण भव्यता एवं गरिमा के साथ आयोजित करने के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, विधायक श्री मोहन सिंह राठौर, संभागीय आयुक्त श्री मनोज खत्री, आईजी श्री अरविंद सक्सेना, कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय सहित पूर्व मंत्री श्रीमती इमरती देवी, पूर्व विधायक श्री मुन्नालाल गोयल एवं विभागीय अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने अधिकारियों से कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया के साथ अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में शहर के विकास कार्यों का लोकार्पण किया जा रहा है। कार्यक्रम की सभी तैयारियाँ समय रहते पूर्ण कर ली जाएँ। इसके साथ ही गर्मी के मौसम को देखते हुए कार्यक्रम में आने वाले नागरिकों के लिए पेयजल आदि की व्यवस्था बेहतर हो यह भी सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा 24 अप्रैल को ग्वालियर में विकास कार्यों के प्रस्तावित लोकार्पण कार्यक्रम के संबंध में प्रशासन द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

# महिला सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए थाना कोतवाली क्षेत्र स्थित सराफा बाजार में "पिंक बूथ" का हुआ शुभारंभ




**ग्वालियर।** ग्वालियर जिले में महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह(भापुसे) के निर्देष पर थाना कोतवाली क्षेत्र स्थित सराफा बाजार में आज दिनांक 20.04.2025 को जिले का पहला पिंक बूथ स्थापित किया गया है। सराफा बाजार में स्थापित किये गये पिंक बूथ का आज दिनांक 20 अप्रैल 2025 को अति. पुलिस अधीक्षक(मध्य) श्रीमती सुमन गुर्जर, अति. पुलिस अधीक्षक (पश्चिम) श्री गजेंद्र सिंह वर्द्धमान एवं डीएसपी महिला सुरक्षा श्रीमती किरण अहिरवार के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा एसोसियेशन ऑफ ग्वालियर यूथ सोसाइटी के सहयोग से सराफा बाजार में जिले का पहला महिला सहायता पिंक बूथ का उद्घाटन एडिशनल एसपी श्रीमती सुमन गुर्जर ने फीता काट कर व मंदिर में दीप प्रज्वलित कर किया गया। पिंक बूथ के शुभारंभ अवसर पर एडिशनल एसपी श्रीमती सुमन गुर्जर ने पिंक बूथ में पदस्थ महिला आरक्षक अंजू शर्मा, शशि सिंह का माला पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि महाराज बाड़ा, सराफा बाजार में महिलाओं का आना जाना काफी संख्या में होता है इसलिए उनकी सुरक्षा को देखते हुए पिंक बूथ को चालू किया गया है जिससे महिलाएं सहज रूप से अपनी समस्याएं महिला अधिकारियों को बता सकती हैं, जिससे उनकी समस्या का शीघ्र निराकरण किया जा सकेगा। इस अवसर पर थाना प्रभारी कोतवाली उनि मोहिनी वर्मा ने बताया कि इस पिंक बूथ में महिलाओं की शिकायत प्राथमिकता से सुनी जाएगी और उनकी शिकायतें सुनने के लिए महिला आरक्षक सुबह से देर रात तक हमेशा उपस्थित रहेंगी। पिंक बूथ में एक सीयूजी नम्बर भी प्रदर्षित किया गया है जिस पर महिला या युवतियों द्वारा सहायता के लिये फोन लगाया जा सकता है। पिंक बूथ चौकी के शुभारंभ पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री गजेंद्र सिंह वर्द्धमान, डीएसपी महिला सुरक्षा श्रीमती किरण अहिरवार, महिला थाना प्रभारी श्रीमती दीप्ति तोमर, अजाक थाना प्रभारी श्रीमती अनीता गुर्जर, सभी महिला डेस्क प्रभारी, श्री पुरुषोत्तम जैन (अध्यक्ष सोना चांदी व्यवसाई संघ), सुरेश गुप्ता (समाज सेवी), माधव अग्रवाल, विशाल जैन, धीरज गोयल, नरोत्तम रेनवाल आदि उपस्थित रहे।

# घासमण्डी मुरार स्थित सूने घर में चोरी करने वाले एक शातिर

**ग्वालियर।** पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह,भापुसे द्वारा चोरी व नकबजनी की घटनाओं पर अंकुश लगाकर चोरों को पकड़ने हेतु जिले के समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर के निर्देशों के अनुक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मध्य) श्रीमती सुमन गुर्जर के द्वारा अपने अधीनस्थ समस्त थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्र में हुई चोरी व नकबजनी की घटनाओं का खुलासा कर आरोपियों को पकड़ने हेतु निर्देषित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देषानुसार सीएसपी मुरार श्री राजीव जंगले के कुषल मार्गदर्षन में थाना प्रभारी मुरार निरीक्षक मदन मोहन मालवीय द्वारा थाना बल की एक टीम को थाने के अप0क्र0164/25 धारा 331(4),305 बीएनएस के प्रकरण के अज्ञात आरोपी की पतारसी हेतु लगाया गया। दौराने विवेचना पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीव्ही कैमरे चेक किये गये एवं सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर कुछ संदेहियों को चिन्हित किया गया तथा उनकी पतारसी हेतु मुखबिर तंत्र सक्रिय किये गये। थाना मुरार पुलिस को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि घासमण्डी मुरार में दिनांक 10/11.04.2025 की रात में हुई चोरी की घटना हुरावली के रहने वाले एक व्यक्ति द्वारा की गई है। सूचना पर पुलिस की टीम को हुरावली में संदेही के घर पर तस्दीक हेतु भेजा गया, तलाषी के दौरान संदेही घर पर उपस्थित मिला, जिससे उक्त चोरी की घटना के संबंध में विस्तृत पूछताछ की गई तो उसके द्वारा पुलिस टीम को गुमराह करने का प्रयास किया गया लेकिन गहनता से पूछताछ करने पर उसके द्वारा चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये आरोपी की निषादेही पर विवेकानंद चौराहा के पास पीएचई कार्यालय में रखे अपने कटिंग के सामन पाउडर के डिब्बे में से चोरी गया मशरुका एक पीली सोने जैसी धातु की कान का झाला (झुमका) जप्त किया गया। थाना मुरार पुलिस द्वारा पकड़े गये आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर उससे क्षेत्र में हुई अन्य चोरी की घटनाओं के संबंध में पूछताछ की जा रही है। **घटना का विवरणः-** फरियादी मोहनलाल झा पुत्र स्व. नत्थूलाल झा उम्र 80 साल निवासी अकबगंज घासमण्डी मुरार ने थाना पर रिपोर्ट लेख कराई थी कि दिनांक 10.04.2025 की शाम करीबन 07 बजे वह अपने घर में ताला लगाकर दोस्त से मिलने के लिए मुरैना चला गया था, फिर वह दिनांक 11. 04.2025 के सुबह करीबन 11 बजे वापस अपने घर आया तो देखा मेरे घर के मैनगेट की कुण्डी टूटी हुई थी जब घर के अंदर गया तो घर की तीसरी मंजिल पर कमरे में रखे लोहे के 03 बक्सों का ताला टूटा हुआ था जिसमें मेरी पत्नी के सोने के कान के झाले 01 जोड़ी व कुछ नगदी रूपए रखे हुए थे जो नहीं मिले। जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति दिनांक 10-11.04.2025 की दरम्यानी रात्रि में घर का ताला तोड़कर चोरी कर ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना मुरार में अज्ञात आरोपी के खिलाफ अप0क्र0 164/25 धारा 331(4),305 बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। **बरामद मशरूकाः** एक पीली सोने जैसी धातु की कान का झाला (झुमका)। **सराहनीय भूमिकाः** थाना प्रभारी मुरार निरी0 मदन मोहन मालवीय, प्रआर हरवीर सिंह, आर. योगेन्द्र गुर्जर, आर. जयहिंद जादौन, आर. बनवारी राजावत की सराहनीय भूमिका रही।

# थाना पुरानी छावनी पुलिस ने चेकिंग के दौरान तीन बाइक चोरों को पकड़कर उनके पास से चोरी की एक मोटर साइकिल की जप्त

**ग्वालियर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह(भापुसे) के निर्देश पर ग्वालियर जिले में वाहन चोरी की घटनाओं की रोकथाम हेतु मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर वाहन चोरों की धरपकड़ हेतु प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। उक्त निर्देषों के तारतम्य में अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध/यातायात ) श्री कृष्ण लालचंदानी,भापुसे द्वारा अपने अधीनस्थ समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में चोरी गये वाहनों की बरामदगी कर चोरों को पकड़ने हेतु मुखबिर तंत्र विकसित करने के निर्देष दिये। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में सीएसपी महाराजपुरा श्री नागेन्द्र सिंह सिकरवार के कुषल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पुरानी छावनी उप निरीक्षक क्षमा राजौरिया के द्वारा थाना बल की टीम को क्षेत्र में रेण्डम वाहन चेकिंग कर वाहन चोरों की धरपकड़ हेतु लगाया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देषानुसार थाना पुरानी छावनी पुलिस टीम द्वारा निरावली तिराहे पर वाहन चेकिंग की जा रही थी तभी मुखविर व्दारा सूचना प्राप्त हुई की एक मोटर साईकिल पर तीन संदिग्ध व्यक्ति बैठकर ग्वालियर से आगरा तरफजा रहे है। मुखविर की सूचना पर से पुलिस द्वारा सघन वाहन चेकिंग शुरू की गई कुछ समय बाद रायरू तरफसे एक मोटर साईकिल पर तीन व्यक्ति आते दिखे, पुलिस की चेकिंग देखकर उनके द्वारा बाइक को लौटाने का प्रयास किया लेकिन पुलिस टीम द्वारा उन्हे घेरकर पकड़ लिया और मोटर साइकिल के कागजात मांगे तो ना होना बताया। गहनता से पूछताछ की तो तीनों संदिग्धों ने बताया कि युक्त मोटर साईकिल हम तीनों ने दिनांक 13.04.25 को दोपहर के समय नारायण बिहार कॉलोनी पुरानी छावनी से चोरी की थी, जिसे लेकर आज हम दिल्ली जा रहे थे। उक्त तीनों वाहन चोरों को थाना पुरानी छावनी द्वारा विधिवत गिरफ्तार कर चोरी की मोटर साईकिल को जप्त किया गया। पकड़े गये वाहन चोरों से ग्वालियर शहर में हुई अन्य चोरी की घटनाओं के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है। घटना का संक्षिप्त विवरणः- फरियादी संजीव शिवहरे पुत्र श्री रामबाबू शिवहरे उम्र 40 साल नि. नारायण विहार कालोनी पुरानी छावनी ग्वालियर ने रिपोर्ट लेख कराई थी कि दिनांक 13.04.25 को उसने अपनी स्प्लेण्डर मोटर सायकिल क्र. एमपी07-एनजी-5975 ब्लैक सिल्वर रंग की नारायण विहार कालोनी पुरानी छावनी स्थित अपने घर के बाहर ताला लगाकर खडी कर दी थी ओर दोपहर के समय देखा तो मेरी मोटर सायकिल खडे स्थान पर नहीं मिली कोई अज्ञात चोर चुराकर ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना पुरानी छावनी में अज्ञात आरोपी के खिलाफबाइक चोरी कर प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**बरामद मशरूकाः-** चोरी गई मोटर साईकिल हीरो स्पेण्डर एमपी07-एनजी-5975 की जप्त।

**सराहनीय भूमिकाः-** थाना प्रभारी पुरानी छावनी उप निरीक्षक क्षमा राजौरिया, सउनि अनूपसिंह भदौरिया, आर. अरविंद यादव, आर. विक्रम तोमर, आर. भानु परमार, आर. अनुवेन्द्र तोमर, सैनिक दिलीप सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरु अर्जन देव के प्रकाश पर्व पर दीं शुभकामनाएं

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिख धर्म के पांचवें गुरु, संत शिरोमणि गुरु अर्जन देव जी के प्रकाश पर्व पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गुरु अर्जन देव जी का संपूर्ण जीवन सेवा, त्याग और मानव कल्याण का प्रतीक है। उनके विचार सर्वदा हम सभी को सत्य, सहिष्णुता और धर्मनिष्ठा के मार्ग पर दृढ़तापूर्वक अग्रसर होने की प्रेरणा देते रहेंगे।


**उत्तर मध्य रेलवे**

Letter No. Dy.CE/RSW/GWL/ROB/407 दिनांक : 20.04.2025

**आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आंतरी याई स्थित रेलवे समपार फाटक संख्या 407 (रेलवे किमी 1203/5-7) को 60 दिनों के लिए बंद किया जा रहा है। आंतरी याई स्थित रेलवे समपार फाटक संख्या 407 (रेलवे किमी 1203/5-7) को रोड ओवर ब्रिज की लाँचिंग हेतु दिनांक 21.04.2025 प्रातः 08 बजे से दिनांकः 20.06.2025 समय 20 बजे तक अर्थात् शाम आठ बजे तक अस्थायी तौर पर बंद किया जा रहा है। इस दौरान वैकल्पिक मार्ग के रूप में समपार फाटक संख्या 409 (1205/13-15) का उपयोग किया जा सकता है।

684/25 (MG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

# आगरा में अंबेडकर प्रतिमा तोड़ी: लोग धरने पर बैठे, दोषियों पर जल्द कार्रवाई की मांग की



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** फतेहपुर सीकरी में अंबेडकर पार्क में बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। कुछ अराजक तत्वों ने रविवार की देर रात प्रतिमा की उंगली तोड़ दी और चेहरे को भी नुकसान पहुंचाया। सुबह प्रतिमा को देखते ही ग्रामीणों में आक्रोश बना हुआ है। स्थानीय लोग धरने पर बैठ गए। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को शांत कराया। जल्द से जल्द इस कृत्य को करने वाले दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वहीं सोनभ्रद में भी बाबा साहब की प्रतिमा का सिर तोड़ दिया गया है।

**जातीय उन्माद फैलाने के जानबूझकर किया जा रहा कृत्य**

मामला फतेहपुर सीकरी के गांव सीकरी चार हिस्सा का है। सुबह अंबेडकर पार्क में आए लोगों को प्रतिमा को टूटा देखा। इसके बाद से इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है। आक्रोशित अंबेडकरवादी समर्थक पार्क में धरने पर बैठ गए।

ग्रामीणों ने बताया- यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले 15 अप्रैल को भी शरारती तत्वों ने इसी पार्क में लगे बाबा साहब के झंडे, बैनर और होर्डिंग्स को क्षतिग्रस्त किया था। वहीं फोन पर बैनर-होर्डिंग्स उतारने की धमकी भी दी गई थी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह कृत्य जातीय उन्माद फैलाने के लिए जानबूझकर किया जा रहा है। उन्होंने एक संदिग्ध व्यक्ति के खिलाफ लिखित शिकायत दी है।

**सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग**

सूचना मिलते ही फतेहपुर सीकरी थाना प्रभारी धर्मेंद्र दहिया और किरावली थाना प्रभारी केवल सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने दोषियों की गिरफ्तारी के साथ नई प्रतिमा की स्थापना, स्ट्रीट लाइट और सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की है। मौके पर पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद इस्लाम, बसपा नेता कप्तान सिंह चाहर समेत कई नेता और स्थानीय लोग मौजूद रहे। पुलिस ने जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है। मौके पर पहुंचे एसडीएम किरावली राजेश कुमार जायसवाल ने नई प्रतिमा जल्द से जल्द लगवाने की बात कही है। वहीं अराजक तत्वों की पहचान कराकर जल्द उन्हें गिरफ्तार करने की बात कही है।

**सभी मांगों की सहमति पर ही माने लोग**

एक हफ्ते में इसी जगह ये दूसरी बार की घटना है। बीती अम्बेडकर जयंती पर इसी जगह लगे पोस्टर बैनर किसी अराजक तत्व ने फाड़ दिए गए थे। जिस व्यक्ति पर शक हो रहा है लोगों ने तहरीर में उसका नाम जोगेंद्र पुत्र दीवान सिंह बताया है। गुस्साए लोगों को इसी व्यक्ति पर शक है। यह व्यक्ति खुद को वर्तमान प्रधान का भाई बताता है। हफ्ते भर पहले इसने पोस्टर बैनर हटाने की धमकी दी थी।

**सोनभ्रद में बाबा अंबेडकर की प्रतिमा का सिर तोड़ा**

आगरा के अलावा आज ही यूपी के सोनभद्र में भी बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा को बुरी तरह क्षतिग्रस्त किया गया है। अराजक तत्वों ने प्रतिमा का सिर ही तोड़कर अलग फेंक दिया। रात के समय में प्रतिमा को तोड़ने का कृत्य किया गया है। सोनभद्र के रायपुर के ग्राम पंचायत कम्हरिया का ये मामला सामने आया है। क्षतिग्रस्त मूर्ति देखकर नाराज ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए हैं। सभी दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।वहीं सूचना पर गांव में तत्काल पुलिस फोर्स की तैनाती कर दी गई है। प्रशासन के समझाने और नई मूर्ति स्थापित कराने के आश्वासन और दोषियों को जल्द ही हिरासत में लेकर कड़ी कार्रवाई करने की बात पर ग्रामीण शांत हुए। सीओ सदर रणधीर मिश्रा ने बताया- थाना रायपुर के कम्हरिया गांव में किसी आसामाजिक तत्वों द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने का प्रयास किया गया है। इस बारे में मुकदमा दर्ज करके कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। दोषियों को पकड़ने के लिए सर्विलांस टीम की भी मदद ली जाएगी। क्षतिग्रस्त प्रतिमा की जगह नई प्रतिमा स्थापित की जा रही है। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

# कमला नगर में घर में भीषण अग्निकांड, आतिशबाजी में ब्लास्ट से तीन झुलसे



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** थाना कमला नगर क्षेत्र से एक बड़ी खबर सामने आई है। यहां एक रिहायशी इलाके में स्थित एक घर में देर शाम भीषण आग लग गई। बताया जा रहा है कि घर में रखी आतिशबाजी में ब्लास्ट होने के कारण यह हादसा हुआ। इस अग्निकांड में तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं।

**बर्थडे और शादी की आतिशबाजी का होता था निर्माण**

मिली जानकारी के अनुसार, इस घर में बर्थडे और शादी पार्टियों में इस्तेमाल होने वाली आतिशबाजी का निर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) किया जाता था। घर में भारी मात्रा में आतिशबाजी रखी हुई थी, जिसके चलते ब्लास्ट के बाद आग तेजी से फैल गई।

**रिहायशी इलाके में दहशत का माहौल**

रिहायशी इलाके में घर में आग लगने की इस घटना से आसपास के क्षेत्रीय लोगों में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। धमाके की आवाज सुनकर और आग की लपटें देखकर लोग भयभीत हो गए।

**पुलिस ने किया रेस्क्यू, घायलों को पहुंचाया अस्पताल**

घटना की सूचना मिलते ही थाना कमला नगर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और घर में फंसे सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। थाना प्रभारी ने मानवता दिखाते हुए अपनी गाड़ी से गंभीर रूप से झुलसे तीनों घायलों को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।फिलहाल आग लगने के कारणों का पूरी तरह से पता नहीं चल पाया है, लेकिन प्रथम दृष्टया आतिशबाजी में ब्लास्ट को ही मुख्य वजह माना जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि घर में इतनी मात्रा में आतिशबाजी क्यों रखी गई थी और क्या इसके लिए कोई अनुमति थी या नहीं। घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। इस घटना ने एक बार फिर रिहायशी इलाकों में अवैध रूप से आतिशबाजी के भंडारण और निर्माण को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# भा ज पा पार्षद नरेश शर्मा नीटू को भुगतनी पड़ी भ्रष्टाचारियों के खिला मुंह खोलने की सजा



पंडित अखिलेश शर्मा

**फिरोजाबाद।** तीन दिन पहले पार्षद नरेश शर्मा को नगर निगम में जूता दिखाकर की गई अभद्रता भ्रष्टाचार के खिलाप बोलने वाले हर व्यक्ति के लिए चेतावनी है यह वक्तव्य चाणक्य फाउंडेशन के प्रदेश सचिव पंडित अखिलेश शर्मा ने दिया और कहा इस समय नगर निगम पर शराब माफिया खनन माफिया टेंडर माफियाओं द्वारा नगर निगम के भ्रष्ट अधिकारियों के साथ मिलकर कई माध्यमों से की जा रही लूट को दबाने के लिए यह प्रदर्शन कुछ लोगों को मोहरा बनाकर किया गया इन गुंडों द्वारा कई बार कई लोगों को धमकी भी दी गई की मेरे पास हजारों सफाई कर्मी है जिनके द्वारा किसी की भी पिटाई करा सकता हूं अधिकतर समय में शराब के नशे में धुत रहने वाले गुंडों के पुराने बिजनिस के बारे में अधिकतर लोगों को पता है कि इनका अवैध शराब तस्करी का धंधा था जो चोरी छुपे आज भी चल रहा है जबरदस्त कमीशन खोरी ठेकेदारों के साथ अपने चहेतों को ठेका मैनेज कराना और कई पले हुए शराबी गुंडों से लोगों को धमकी दिलवाना और डराना कुछ समाचार पत्र भी मैनेज कर रखे है जो इनकी खबर नहीं छापते नीटू शर्मा के साथ बेहद अभद्रता हुई है इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा में फिरोजाबाद में अवैध खनन से लेकर कई काले धंधे इनके संरक्षण में चल रहे है में बहुत जल्द मय सबूत के इनका पर्दा फाश करूंगा अगर नीटू शर्मा से अभद्रता करने और कराने बालों पर शख्त कार्यवाही नहीं हुई तो भ्रष्टाचारियों को सबक सिखाने का काम हमारी टीम करेगी चाहे आंदोलन करना पड़े या जेल जाना पड़े तो में अवश्य करुंगा इन्होंने प्रवर्तन दल के रूप में कुछ डकैत पाल रखे है वह गरीब व्यापारियों एवं आम जनता का शोषण और खुली लूट करते है इनके लिए प्रेस वार्ता कर बहुत बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# बंगाल हिंसा को लेकर हिंदू संगठनों ने निकाली यात्रा, राष्ट्रपति शासन घोषित करने की मांग





सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** रविवार को प्रातः 8=30 बजे सनातन हिन्दू संघ द्वारा चामुंडा देवी मंदिर से विशाल सनातन पदयात्रा का आयोजन क्षेत्रवासी, साधु संतों एवं सभी हिन्दू संगठनों ने सम्मिलित होकर निकली, यात्रा में विशेष आकर्षण भारत माता थी, हजारों की संख्या में इस पदयात्रा में हिंदू सम्मिलित हुआ, साथ ही सैकड़ों महिलाओं ने भी इतनी भीषण धूप गर्मी होते हुए भी हिस्सा लिया। यात्रा चामुंडा मंदिर से प्रारंभ होकर तोता ताल, लोहामंडी चौराहा, बाज़ार, खातीपाड़ा फाटक, गोकुलपुरा, मनसादेवी गली, राजामंडी बाज़ार, किदवई पार्क, खातीपाड़ा होते हुए न्यू राजामंडी कॉलोनी, मालवीय कुंज राधा कृष्ण जी के मंदिर पर विश्राम हुआ। लगभग 7 किलोमीटर की यात्रा में भयंकर गर्मी को दरकिनार करते हुए सभी महिला - पुरुष - बच्चों ने धार्मिक गीत पर नृत्य रास्ते भर किया और भगवान के जय घोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान कर दिया। रास्ते भर दर्जनों स्वागत हुए और निवासियों और दुकानदारों ने भारत माता की आरती कर पूरी यात्रा में आए हुए सनातनियों का भव्य स्वागत किया। पदयात्रा संयोजक तरुन सिंह सर्राफ ने कहा कि यह पदयात्रा सोए हुए हिंदुओं को जगाने की है, यह पदयात्रा अलग अलग क्षेत्रों में निरंतर ऐसे ही निकालते रहेंगे। अगर हिन्दू ही एक जुट हो जाए तो हिंदुस्तान को हिन्दू राष्ट्र होने से कोई नहीं रोक सकता। और तब हिन्दुस्तान हिन्दू राष्ट्र घोषित हो गया तब हिंदुओं के साथ बंगाल जैसा शोषण भी हो पाएगा। चामुंडा देवी मंदिर के महंत श्री वीरेंद्रानंद महाराज जी ने कहा गौमाता की दयनीय स्थिति है, बाकी राज्यों की तरह हमारे उत्तर प्रदेश में भी गौ माता को राष्ट्रीय पशु का दर्ज़ा प्राप्त हो, इसका शुभारंभ जल्द ही करेंगे और इस पदयात्रा को आगे बढ़ाते हुए मथुरा वृंदावन तक गौ माता के लिए पदयात्रा करेंगे। महानगर अध्यक्ष श्री राजकुमार गुप्ता जी ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि अभी हमको और जागना है, ये कुछ जागने का नतीजा है जो केंद्र में और प्रदेश में हमारी सरकार है साथ ही हिंदुस्तान के नक्शे में अब सरकार के नाम पर केसरिया ही दिखाई देता है, लेकिन थोड़ा और जागे तभी बंगाल में जो स्थिति हिन्दुओं की है उसपर विराम लग पाएगा। कार्यक्रम में भाजपा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता जी, मां चामुंडा देवी मंदिर के महंत श्री वीरेंद्रानंद जी महाराज, पदयात्रा संयोजक तरुन सिंह ÷तनु÷, सतपाल बत्रा, सुरेंद्र सिंह एडवोकेट, भास्कर भूषण जैन, मनोज गुप्ता जी, आचार्य सतीश मिश्रा जी, जितेंद्र मिश्र, पार्षद हेमंत प्रजापति, पार्षद विक्रांत सिंह, पार्षद शरद चौहान, अनिल सारस्वत, डॉ0 राजेश शर्मा, महिला संयोजक अनामिका मिश्रा, उर्मिला अग्रवाल, रुक्मणि लवानिया, मुकेश सक्सेना, मानिकचंद जी, नीरज शर्मा, हर्ष कटियार, मनु हिंदुस्तानी, रवि सारस्वत आदि हजारों की संख्या में लोग सम्मिलित थे।

# सेन अस्पताल में महिला की मौत: परिजन बोले- इलाज में लापरवाही बरती गई

## ऑपरेशन के बाद गुपचुप तरीके से दूसरे अस्पताल भेजा



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** शाहगंज स्थित सेन अस्पताल में महिला की ऑपरेशन के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि डिलीवरी के लिए महिला का ऑपरेशन किया गया। इस दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों को बिना बताए महिला को दूसरे अस्पताल में भर्ती करा दिया। जानकारी होने के बाद परिजन महिला तीसरे अस्पताल में ले गए, जहां महिला को मृत घोषित कर दिया। इस मामले में थाना शाहगंज में शिकायत दर्ज कराई गई है। बताया जा रहा है कि मथुरा के राया स्थित टीचर कालोनी निवासी साधना पाठक पत्नी हरिओम पाठक को शुक्रवार को शाहगंज स्थित सेन हास्पिटल में भर्ती कराया गया था। महिला के भाई रोहित दीक्षित ने बताया कि रविवार सुबह 8.05 बजे उनकी बहन का आपरेशन किया गया। साधना एक बच्ची को जन्म दिया। रोहित का कहना है कि आपरेशन के बाद अस्पताल प्रबंधन ने परिजनों को महिला से नहीं मिलने दिया। सुबह 8.30 बजे उनको बच्ची सौंप दी गई। महिला के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि पास के ही एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिजन जब वहां पहुंचे तो उस अस्पताल ने महिला को यहां से ले जाने के लिए कह दिया। इसके बाद परिजन दिल्ली गेट स्थित एक अन्य अस्पताल में ले गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद संतुष्टि के लिए वे महिला को एसएन मेडिकल कॉलेज ले गए। यहां चिकित्सकों ने बताया कि महिला की कई घंटे पहले मृत्यु हो चुकी है। रोहित ने बताया कि इस मामले में शिकायत दर्ज करा दी गई है। अस्पताल की लापरवाही से उसकी बहन ही मृत्यु हुई है। साधना की शादी वर्ष 2014 में हुई थी, उसने चौथे बच्चे को जन्म दिया है।



# जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव के माध्यम से भूसादान कराने की अपील की

## न्यूनतम 10 कुन्तल भूसा अथवा दान में रू0 11 हजार की धनराशि दान करने वाले गौ प्रेमी को जिला प्रशासन द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर किया जायेगा सम्मानित

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** मुख्यमंत्री एवं वर्तमान सरकार की शीर्ष प्राथमिकता वाली ÷निराश्रित गोवंश संरक्षण योजनान्तर्गत÷ जनपद आगरा में 19124 निराश्रित गोवंश विभिन्न गौ आश्रय स्थलों पर वर्तमान समय में संरक्षित किये गये है जिनके भरण-पोषण की व्यवस्था शासन द्वारा निर्धारित मानकानुसार की जा रही है। शासन के निर्देशानुसार वर्तमान में भूसे के उत्पादन को दृष्टिगत रखते हुए अपेक्षा की गयी है कि जनता को निराश्रित गोवंश के प्रति जागरूक करते हुए लोगों को अधिकाधिक भूसादान हेतु प्रेरित किया जायें। जिलाधिकारी श्री अरविन्द मल्लप्पा बंगारी जी ने जनपदवासियों से अपील की है कि संरक्षित किये गये निराश्रित गोवंशों के भरण-पोषण में सहयोग करते हुए अपने निकटतम गौ आश्रय स्थल पर अधिकाधिक मात्रा में भूसा, हरा चारा, चोकर आदि दान देकर गोवंश की सेवा कर पुण्य लाभ प्राप्त करें। उन्होंने जनपद के ऐसे सम्मानित/प्रतिष्ठित/पशुप्रेमी/गोवंश में आस्था रखने वाले नागरिकों से अपील की है कि यदि आपके पास गोवंश के दान में देने के लिए भूसा, हरा चारा, चोकर आदि की उपलब्धता नही है तो आप नकद धनराशि के रूप में दान कर सकते हैं। यह दान आप अपने निकटतम खण्ड विकास अधिकारी अथवा उप मुख्य/पशु चिकित्साधिकारी को देकर रसीद प्राप्त कर सकते हैं, जो गौ प्रेमी न्यूनतम 10 कुन्तल भूसा अथवा दान में 11000/- रू0 की धनराशि दान करेगें उन्हे जिला प्रशासन द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। प्रमुख सचिव, पशुधन महोदय उ0प्र0 शासन द्वारा दिये निर्देशों के अनुपालन में प्रत्येक ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव के माध्यम से प्रति ग्राम पंचायत न्यूनतम 10 कुन्तल भूसा दान स्वरूप ग्राम के सक्षम किसानों के सहयोग से प्राप्त कर निकटतम गौ आश्रय स्थल पर संग्रहित करवायें, जो ग्राम पंचायत अधिकतम भूसा संरक्षण कराने में सहयोग करेगी उन ग्राम पंचायतों को सम्मानित/प्रोत्साहित किया जायेगा। उन्होंने आगे यह भी बताया है कि किसी भी सहयोग या सामंजस्य के लिये मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, आगरा डा0 डी0के0 पाण्डेय के मोबाइल नम्बर 9415973376 पर सम्पर्क किया जा सकता है। यदि आप ऑनलाइन दान देना चाहते हैं या अपना नाम गोपनीय रखना चाहते है तो आप जनपद स्तर पर संचालित कैनरा बैंक संजय प्लेस, आगरा, खाते का नाम- गौ संरक्षण एवं संवर्धन कोष, खाता संख्या- 2341101052987, आई0एफ0एस0सी0 कोड सीएनआरबी0002341 में भी सीधे धनराशि हस्तान्तरित या बैंक के माध्यम से जमा कर सकते हैं। आपके द्वारा दान की गयी सामग्री एवं धनराशि का उपयोग केवल निराश्रित गोवंश के भरण-पोषण के लिए किया जायेगा।

# 23 अप्रैल को जेम्स डेविड वेन्स, वाइस प्रेसिडेंट ऑफ अमेरिका के आगरा भ्रमण को लेकर मंडलायुक्त की अध्यक्षता में बैठक संपन्न



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** मंडलायुक्त महोदय श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह जी की अध्यक्षता में जेम्स डेविड वेन्स, वाइस प्रेसिडेंट ऑफ अमेरिका के सपरिवार प्रतिनिधिमंडल के साथ 23=04.2025. को प्रस्तावित ताजमहल विजिट की तैयारियों संबंधी मंडलायुक्त कैंप कार्यालय पर बैठक संपन्न हुई। बैठक में मंडलायुक्त महोदय ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति से संबंधित तैयारियों संबंधी हुई प्रगति के बारे में जानकारी ली जिसमें बताया गया कि संभावित रूट का निर्धारण कर लिया गया है, मार्ग अनुरक्षण, सौंदर्यीकरण, का कार्य प्रगति पर। मा. उपराष्ट्रपति महोदय के स्वागत हेतु रूट पर भारतीय सांस्कृतिक विरासत को ध्यान में रखते हुए विभिन्न राज्यों तथा स्थानीय बृज लोक संस्कृति पर आधारित लोक नृत्य, संगीत, ड्रम वादन आदि के कार्यक्रम सांस्कृतिक कलाकारों,स्कूल ग्रुप तथा बच्चों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी, अमेरिका तथा भारत के फ्लैग प्रदर्शित किए जाएंगे। मा. मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश श्री योगी आदित्यनाथ जी एयरपोर्ट पर मा. वाइस प्रेसिडेंट ऑफ अमेरिका का स्वागत करेंगे।

मंडलायुक्त महोदय ने सभी संबंधित विभागों से समन्वय कर सुरक्षा, संभावित रूट, सौंदर्यीकरण आदि के कार्य नोडल अधिकारी नामित कर ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# रामबाग़ पर चारों ओर जाम का झाम, राहगीर परेशान, यातायात पुलिस नदारद





सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** आगरा के रामबाग़ चौराहे पर लगातार जाम की स्थित बनी रहती है, जिसका मुख्य करण है वहाँ से अवैध रूप से संचालित होने वाले ऑटो। आगरा मैं यातायात पुलिस आए दिन कई अभियान चलाती दिखाई देती है, लेकिन कुछ ही समय बाद नियमो को ताक पर रख कर ऑटो चालक अपनी मन मर्ज़ी करना शुरु कर देते है द्य ऐसे ही कुछ दृश्य सांध्य पहल के कैमरे मैं कैद हो गए। आगरा मैं बीते दिनों यातायात पुलिस द्वारा ऑटो मैं लगी अतिरिक्त सीटों को हटवाया गया, साथ ही ऑटो चालको के विरुद्ध चालान की कार्यवाही भी की गई, लेकिन कुछ समय बीत जाने के बाद हालत जस के तस हो गए। आगरा के रामबाग़ चौराहे पर ऐसे ऑटो लगातार दौड़ते नज़र आते है जिनमे अतिरिक्त सीटें लगी होती है और सवारी भी बैठी होती है, जिनकी ओर रामबाग़ चौराहे पर मौजूद टी एस आई का ज़रा भी ध्यान नहीं हैं। वहीं कई बार देखने को मिल है कि नाबालिक युवक भी ऑटो चलाते नज़र आते है, जिन पर टी एस आई द्वारा किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की जाती। बड़ा सवाल आखिर यातायात पुलिस ऐसे किस काम मैं लग जाती है कि उन्हें चौराहे पर लगने वाले जाम के साथ साथ ऐसे अवैध ऑटो नज़र नहीं आते। आखिर ऐसे यातायात कर्मियों पर अला अधिकारी कब लगाम लगाएंगे।

# थम नहीं रहा सपा करणी सेना का विवाद: आगरा आए अखिलेश के छोटे समर्थक ने डाला वीडियो, कहा शेर आया



**आगरा।** सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के राणा सांगा पर दिए बयान के बाद अब तक विवाद थम नहीं रहे हैं। करणी सेना के रक्त स्वाभिमान सम्मेलन के बाद शनिवार को सपा मुखिया अखिलेश यादव आगरा पहुंचे। इसके बाद सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक छोटा सा बच्चा अखिलेश यादव को शेर कहते हुए करणी सेना को ललकार रहा है। इंस्टाग्राम पर आई एम समाजवादी नाम से एक पेज है, जिस पर एक पोस्ट डाली गई है। यह पोस्ट एक वीडियो है। जिसमें एक बच्चा कार में बैठा है। वो आगरा आए अखिलेश यादव को शेर कहता हुआ करणी सेना और ओबेंद्र राणा को ललकार रहा है।

**वीडियो में बच्चा बोल रहा यह**

कहां हो बेटे, पिल्ले, दूध पीने चले गए, कहां है ओकेंद्र राणा, शेर आया है, करणी सेना वाले, आगरा में आया है शेर, दूध पिओ, शेर के पास मत आना, अखिलेश यादव आगरा में घूम रहे हैं, जय अखिलेश जय समाजवादी।

**यह बोले अखिलेश यादव**

मैं दलित सांसद रामजीलाल सुमन के साथ खड़ा हूं। मुझे धमकी मिल रही है कि जैसे फूलन देवी को मारा वैसे तुम्हें मारेंगे, आखिरकार इनके पीछे कौन हैं। सपा प्रमुख ने कहा आगरा में जो तथाकथित शक्ति प्रदर्शन हुआ, उसमें तलवारें लहराई गईं। आरोपियों को कार्रवाई का डर नहीं है। रामजीलाल सुमन के घर तोड़फोड़ की गई। यह हमला अचानक नहीं हुआ, बल्कि साजिश के तहत किया गया।

**राणा सांगा पर दिए बयान पर कहा यह**

जो इतिहास हमें आगे न बढ़ाता हो, हमारे आपके बीच दूरियां पैदा करता हो, उसे इतिहास में ही रहने देना चाहिए। इतिहास में बहुत सी ऐसी चीजें छिपी हैं, कुछ आपको अच्छी नहीं लगेंगी, कुछ हमें अच्छी नहीं लगेंगी।

# आठवीं तक के स्कूलों का समय बदला: बढ़ती गर्मी को देखते हुए अब दोपहर 12 बजे तक होगा संचालन

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** लगातार बढते तापमान और हीट वेब को देखते हुए डीएम के निर्देश पर कक्षा 8 तक के सभी स्कूलों का टाइम बदल गया है। अब स्कूलों के संचालन का समय सुबह 7 से दोपहर 12 बजे तक होगा। बीएसए जितेंद्र कुमार गोड ने बताया कि शिक्षा निदेशक (बेसिक) उत्तर प्रदेश लखनऊ के अनुपालन में जिलाधिकारी महोदय के निर्देशों पर आगरा में बढ़ती गर्मी को देखते हुए सभी परिषदीय और अन्य बोर्ड के स्कूलों के संचालन का समय बदला गया है। सभी परिषदीय सहित अन्य बोर्ड के विद्यालयों के संचालन का समय अग्रिम आदेशों तक सुबह 7.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक किया गया है। इसके अतिरिक्त विद्यालयों में छाया और पेयजल की समुचित व्यवस्था की जाए। गर्मी को ध्यान में रखते हुए यह भी सुनिश्चित किया जाए कि छात्रों से आउटडोर फिजिकल एक्टिविटी न कराई जाए। सभी खंड शिक्षाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वो अपने विकास खंड में विद्यालयों का संचालन निर्धारित समयानुसार कराया जाए।



# हैती पर भुखमरी का संकट- जून तक आधी से अधिक आबादी गंभीर खतरे में होने की आशंका

**गाजा, (ए.)।** हैती एक गहरे मानवीय संकट की ओर बढ़ रहा है, जहां देश की आधी से अधिक आबादी जून 2025 तक गंभीर भुखमरी की चपेट में आ सकती है। संयुक्त राष्ट्र समर्थित संस्था एकीकृत खाद्य सुरक्षा चरण वर्गीकरण (आईपीसी) की ताजा रिपोर्ट में यह चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार लगातार गिरती अर्थव्यवस्था, सुरक्षा की गंभीर स्थिति, और सशस्त्र गिरोहों के बीच बढ़ती हिंसा इस आपात स्थिति के मुख्य कारण हैं।



रिपोर्ट के मुताबिक, वर्तमान में लगभग 57 लाख हैतीवासी गंभीर खाद्य असुरक्षा की स्थिति में हैं। इसके अलावा, 8,400 लोग ऐसे अस्थायी आश्रयों में रह रहे हैं, जहां भुखमरी का खतरा और भी अधिक है। पहले इन शरणस्थलों में भोजन और पेयजल की आपूर्ति नियमित रूप से की जाती थी, लेकिन अमेरिका की ओर से विदेशी सहायता अनुबंधों में 90त्न तक की कटौती के बाद हालात और बिगड़ गए हैं।

रिपोर्ट बताती है कि अगस्त 2024 से फरवरी 2025 तक करीब 9.77 लाख लोगों को मासिक खाद्य सहायता मिली, लेकिन उनमें से अधिकतर को आधा राशन ही मिल पाया। इससे यह साफ होता है कि हालात तेजी से गंभीर हो रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय सहायता की सख्त जरूरत है। इस बीच यूनिसेफ ने भी चिंता जताई है कि देश में करीब 28.5 लाख बच्चे भुखमरी का सामना कर रहे हैं, जो हैती के भविष्य के लिए एक गहरी चेतावनी है।

भुखमरी के प्रमुख कारण

सशस्त्र गिरोहों का नियंत्रण- राजधानी पोर्ट-औ-प्रिंस समेत कई क्षेत्रों में हथियारबंद गिरोहों का बोलबाला है, जिससे सामान्य जीवन ठप हो गया है। राजनीतिक अस्थिरता और भ्रष्टाचार- लंबे समय से चली आ रही सरकारों की असफलताएं और प्रशासनिक ढांचे की कमजोरियां स्थिति को और जटिल बना रही हैं। आर्थिक पतन- मुद्रास्फीति और बेरोजगारी के उच्च स्तर ने आम जनता की क्रय शक्ति को समाप्त कर दिया है। विदेशी सहायता में कटौती- अमेरिका सहित अन्य देशों से आने वाली सहायता में भारी गिरावट के कारण राहत प्रयास सीमित हो गए हैं।

हैती में भुखमरी एक मानवीय त्रासदी का रूप ले चुकी है, जिसे टालने के लिए तुरंत और ठोस अंतरराष्ट्रीय हस्तक्षेप की आवश्यकता है। अगर हालात पर जल्द काबू नहीं पाया गया, तो यह संकट लाखों लोगों की जान के लिए खतरा बन सकता है, खासकर उन बच्चों के लिए, जो पहले से ही कुपोषण की मार झेल रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक संगठनों को अब निर्णायक कदम उठाने होंगे ताकि हैती को इस भीषण मानवीय

# टाइप-5 डायबिटीज को लेकर चिकित्सा जगत में नई हलचल

**न्यूयॉर्क, (ए.)।** हाल ही में कम जानी-पहचानी बीमारी टाइप-5 डायबिटीज को लेकर चिकित्सा जगत में नई हलचल मच गई है। हाल ही में थाईलैंड के बैंकॉक में आयोजित इंटरनेशनल डायबिटीज फेडरेशन (आईडीएफ) की बैठक में इसे पहली बार औपचारिक रूप से टाइप-5 डायबिटीज नाम दिया गया।

यह मधुमेह की एक अनोखी किस्म है, जो खासतौर पर कमजोर और कुपोषित युवाओं में पाई जाती है। इस बीमारी का पहली बार ज़िक्र 1955 में जमैका में हुआ था, जहां इसे जे-टाइप डायबिटीज कहा गया था। 1960 के दशक में भारत, पाकिस्तान और अफ्रीका जैसे देशों में कुपोषित किशोरों और युवाओं में इसके लक्षण देखे गए। 1985 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएच) ने इसे एक अलग प्रकार की डायबिटीज माना, लेकिन 1999 में शोध की कमी के कारण यह मान्यता वापस ले ली गई। अब, करीब सात दशक बाद, दुनिया फिर से इस बीमारी को गंभीरता से लेने लगी है। विशेषज्ञों का कहना है कि टाइप-5 डायबिटीज, टाइप-1 और टाइप-2 डायबिटीज से पूरी तरह अलग है। पहले माना जाता था कि यह बीमारी इंसुलिन रेजिस्टेंस के कारण होती है, लेकिन अब यह साफ हो चुका है कि इन मरीजों के शरीर में इंसुलिन बनता ही नहीं है।

अमेरिका के न्यूयॉर्क स्थित अल्बर्ट आइंस्टीन कॉलेज ऑफ मेडिसिन की प्रोफेसर मेरीडिथ हॉकिंस के मुताबिक, यह खोज डायबिटीज को समझने के नजरिए को पूरी तरह बदल देती है। 2022 में प्रकाशित एक अध्ययन में डॉ. हॉकिंस और उनकी टीम ने यह साबित किया कि टाइप-5 डायबिटीज न तो टाइप-2 की तरह मोटापे से जुड़ी है और न ही टाइप-1 की तरह ऑटोइम्यून। इसके बावजूद, इस बीमारी के इलाज को लेकर चिकित्सा समुदाय अब भी स्पष्ट नहीं है, और कई मरीजों की मौत एक साल के भीतर ही हो जाती है। आईडीएफ ने अब एक विशेष टीम गठित की है, जो अगले दो वर्षों में इस बीमारी की पहचान के मापदंड और इलाज के दिशा-निर्देश तय करेगी।

## अमेरिका ने कोविड लैब लीक के लिए चीन को ठहराया जिम्मेदार

**– व्हाइट हाउस ने एक वेबसाइट में चीन को कोरोना वायरस उत्पत्ति के लिए जिम्मेदार बताया**

**वाशिंगटन, (ए.)।** विश्वभर में कोरोना वायरस के मुद्दे पर तनाव बढ़ता जा रहा है, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के द्वारा व्हाइट हाउस की एक नई साइट के नए दावों ने सियासी तबाही मचा दी है। व्हाइट हाउस ने एक वेबसाइट लॉन्च की है, जिसमें उन्होंने चीन को कोरोना वायरस की उत्पत्ति के लिए जिम्मेदार ठहराने के आरोप लगाए हैं। साइट के मुताबिक व्हाइट हाउस का दावा है कि वुहान के एक लैब से कोरोना वायरस की उत्पत्ति हुई थी, जिसे उन्होंने लीक किया गया। इस बड़े दावे के साथ, पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन, अमेरिकी तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्वास्थ्य अधिकारी भी इस विवाद में प्रामुख भूमिका निभा रहे हैं। इस घटना के पीछे की कहानी को स्पष्ट करने के लिए व्हाइट हाउस की नई वेबसाइट ने एक पूरे पेज को कोविड-19 लैब-लीक थ्योरी के समर्पित किया है। इसके साथ ही, व्हाइट हाउस ने बयान जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि पूर्व सरकार ने सत्य को छुपाने के लिए विभिन्न तरीकों का सहारा लिया था। व्हाइट हाउस की वेबसाइट ने पांच मुख्य बिंदुओं को सूचीबद्ध किया है, जो कोविड-19 की उत्पत्ति पर नए संदर्भ और विचार प्रस्तुत करते हैं। इसके साथ ही, इस नई साइट ने डॉ. फाउसी और बाइडेन के ऊपर उठे गए आरोपों के बारे में भी जोर दिया है। यह बात दिलचस्प है कि इस नई वेबसाइट के द्वारा प्रस्तुत किए गए दावे पर कितनी सच्चाई है और क्या यह एक नया सियासी खेल है, इसका हवाला की जा रहा है। इस विवाद से जुड़े सभी पक्षों की बयानबाज़ी तेजी से चल रही है और यह दिखता है कि कोरोना के रोग निरोधन के बाद अब राजनीतिक मुद्दों से भी जुड़ी लड़ाई तेज हो रही है।

## ट्रंप के फैसले को चुनौती: भारतीयों समेत 1100 से अधिक छात्रों के निर्वासन की आशंका

**वॉशिंगटन, (ए.)।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फैसलों से प्रभावित अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की मदद के लिए एक बड़ा मुकदमा दायर किया गया है। इस मुकदमे में अदालत से अनुरोध किया गया है कि इन छात्रों की कानूनी स्थिति फिर से बहाल की जाए। इस फैसले से करीब 1100 से ज्यादा विदेशी छात्र प्रभावित हुए हैं, जिन्हें अमेरिका से निकाले जाने का डर सता रहा है।

मार्च के अंत से अब तक 170 से ज़्यादा यूनिवर्सिटी और कॉलेजों में पढ़ रहे करीब 1,100 छात्रों के वीज़ा या कानूनी स्थिति को खत्म कर दिया गया। ये सब बिना किसी उचित सूचना के हुआ। मीडिया रिपोर्ट की माने तो अभी और भी छात्रों के ट्रंप के इस फैसले से प्रभावित होने की संभावना है। वहीं छात्रों का कहना है कि उन्हें न तो कोई चेतावनी दी गई, न ही सफाई का मौका मिला। कुछ मामलों में तो बहुत पुराने और मामूली ट्रैफिक उल्लंघन को भी बहाना बना लिया गया।

बता दें कि यह मुकदमा अमेरिकन सिविल लिबर्टीज यूनियन (एसीएलयू) और उससे जुड़े कई संगठनों ने मिलकर दायर किया है। ये न्यू इंग्लैंड और प्यूर्टो रिको के 100 से अधिक छात्रों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। मामले में एसीएलयू न्यू हैम्पशायर के कानूनी निदेशक गिल्स बिस्नोनेट ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय छात्र हमारे कॉलेजों और विश्वविद्यालयों का एक अहम हिस्सा हैं। किसी भी सरकार को यह अधिकार नहीं है कि वो छात्रों की स्थिति अचानक खत्म कर दे और उन्हें उनकी पढ़ाई पूरी किए बिना देश से निकालने की कोशिश करे। ट्रंप के इस फैसले से भारत और चीन के भी कई छात्र प्रभावित हुए है। इसमें भारत के मणिकांत पासुला, जो न्यू हैम्पशायर के रिवियर यूनिवर्सिटी में कंप्यूटर साइंस में मास्टर्स कर रहे थे, अब अमेरिका में पढ़ाई पूरी करने और नौकरी की संभावना खो चुके हैं।

# संकट से जूझ रही पाकिस्तानी एयरलाइंस, अब निजी हाथों में देने की तैयारी

**इस्लामाबाद, (ए.)।** पाकिस्तान के प्राधिकारियों ने सरकारी विमानन कंपनी 'पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस' को बेचने के प्रयास विफल रहने के बाद इसकी बिक्री की नए सिरे से कोशिश करने का फैसला किया है। नकदी संकट से जूझ रही पीआईए के निजीकरण पर सालों से विचार किया जा रहा है और इसके लिए 2024 में बोली लगाई गई थी लेकिन सरकार बड़ा खरीदार आकर्षित करने में विफल रही और बोली लगाने वाली एकमात्र कंपनी ने मात्र 10 अरब रुपए की पेशकश की जिसे अस्वीकार कर दिया गया था।





पाकिस्तान के निजीकरण और निवेश मंत्री अब्दुल अलीम खान ने पिछले महीने कहा था कि पीआईए के निजीकरण का काम मई तक पूरा कर लिया जाएगा। निजीकरण आयोग की बैठक में अगले सप्ताह से बिक्री प्रक्रिया शुरू करने का फैसला किया गया है। बयान में कहा गया कि पीआईएसीएल के पृथक्करण के लिए रुचि की अभिव्यक्ति का एक नया विज्ञापन अगले सप्ताह प्रकाशित करने की योजना है। इसमें कहा गया कि एजेंडे के शेष मदों पर विचार करने के लिए बैठक की जाएगी।

पीआईए पिछले कई सालों से वित्तीय संकट से जूझ रही है। यह समस्या 2023 में तब आई जब पीआईए के 7,000 कर्मचारियों को वेतन नहीं दिया। इससे पहले यूरोपीय संघ ने सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण 2020 में पीआईए पर प्रतिबंध लगा दिया था।

# अमेरिका ने साफ कर दिया वो यूक्रेन का क्रीमिया इलाका रूस को दिलाकर रहेगा

**वॉशिंगटन, (ए.)।** रूस और यूक्रेन के बीच लंबे समय से युद्ध चल रहा है। इसे रोकने के लिए तमाम प्रयास सफल नहीं हो पाए हैं। अमेरिका यहां शांति बहाल कराने की कोशिश कर रहा है। जबकि यूक्रेन का आरोप है कि अमेरिका पक्षपात कर रहा है और निष्पक्ष न्याय में विश्वास नहीं कर रहा है। उसका कहना है कि डोनाल्ड ट्रंप रूस का फायदा करवाना चाहते हैं। वहीं अमेरिका ने खुलकर जता दिया है कि वह क्रीमिया के यूक्रेनी इलाके को भी रूस को ही दिलवा देना चाहता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दोनों देशों को अल्टिमेटम देते हुए कहा है कि अगर दोनों अड़ियल रवैया अपनाते हैं तो वह पीस डील को ही छोड़ देंगे। विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने शुक्रवार को कहा कि अगर तत्काल युद्धविराम को



लेकर कोई प्रगति नहीं होती है तो अमेरिका इससे दूरी बना लेगा। 2014 में क्रीमिया पर रूस ने कब्जा कर लिया था। इसके बाद रूस ने यहां जनमत संग्रह भी करवाया था। हालांकि वैश्विक समुदाय ने इसे रूस का हिस्सा मानने से इनकार कर दिया था। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की बार-बार कह चुके हैं कि वह इसे रूस को सौंपने को तैयार नहीं है। हालांकि अगर अमेरिका पीस डील के बदले इस मामले में रूस का साथ देने को तैयार हो जाता है तो उसे बड़ा फायदा मिलने वाला है। इसी बहाने क्रीमिया को रूस का हिस्सा माना जा सकता है। फिलहाल पुतिन ने भी डोनाल्ड ट्रंप की पीस डील को मानने से इनकार किया है। क्रीमिया को लेकर अमेरिका विदेश मंत्रालय ने कोई स्पष्ट बात नहीं कही है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच वार्ता अब ऐसे स्तर पर पहुंच चुकी है, जिसमें कुछ निष्कर्ष निकलना चाहिए, लेकिन दोनों में से कोई भी देश उनके (ट्रंप) युद्ध समाप्त कराने के प्रयासों का समर्थन नहीं कर रहा है।ट्रंप ने व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा, अगर किसी कारण से दोनों में से कोई एक पक्ष इसे बहुत कठिन बना देता है तो हम कह देंगे कि आप मूर्ख हैं ।

**खेल/व्यापार**

## संक्षिप्त समाचार

### द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत के बीच अमेरिका दौरे पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 20-25 अप्रैल के बीच अमेरिका दौरे पर रहेंगी, जहां वह कई बहुपक्षीय संवादों में भाग लेंगी। यह जानकारी वित्त मंत्रालय की ओर से दी गई। वित्त मंत्री सीतारमण का यह दौरा ऐसे समय पर हो रहा है, जब भारत और अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर सक्रिय रूप से बातचीत कर रहे हैं। मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, अपने अमेरिका दौरे पर वित्त मंत्री सैन फ्रांसिस्को और वाशिंगटन डीसी जाएंगी। सैन फ्रांसिस्को में, वित्त मंत्री सीतारमण स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के हूवर इंस्टीट्यूशन में 'विकसित भारत 2047 की नींव' विषय पर मुख्य भाषण देंगी, जिसके बाद एक फायरसाइड चैट सेशन होगा। वित्त मंत्री निवेशकों के साथ एक गोलमेज बैठक के दौरान प्रमुख फंड मैनेजमेंट फर्मों के शीर्ष सीईओ के साथ बातचीत करेंगी, इसके अलावा सैन फ्रांसिस्को स्थित शीर्ष आईटी फर्मों के सीईओ के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगी। मंत्रालय ने कहा कि वह सैन फ्रांसिस्को में भारतीय प्रवासियों से जुड़े एक कार्यक्रम में भी भाग लेंगी और वहां बसे भारतीय समुदाय के साथ बातचीत करेंगी। वाशिंगटन डीसी में, वित्त मंत्री सीतारमण अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की वसंतकालीन बैठकों, जी-20 वित्त मंत्रियों की दूसरी और केंद्रीय बैंक गवर्नरों (एफएमसीबीजी) की बैठकों, विकास समिति के पूर्ण अधिवेशन, आईएमएफसी के पूर्ण अधिवेशन और जीएसडीआर बैठक में भाग लेंगी। इन बैठकों के साइडलाइन में वित्त मंत्री कई देशों के समकक्षों के साथ बैठक भी करेंगी, जिसमें अर्जेंटीना, बहरीन, जर्मनी, फ्रांस, लक्जमबर्ग, सऊदी अरब, यूनाइटेड किंगडम और अमेरिका का नाम शामिल है।

इसके अलावा वित्त मंत्री 26-30 अप्रैल के बीच पेरू का दौरा करेंगी। अपनी यात्रा के दौरान वित्त मंत्री पेरू के राष्ट्रपति दीना बोलुआर्टे और प्रधानमंत्री गुस्तावो एड्रियनजेन से मुलाकात करने के अलावा, पेरू के वित्त और अर्थव्यवस्था, रक्षा, ऊर्जा और खान मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगी। साथ ही, सीतारमण स्थानीय जन प्रतिनिधियों के साथ भी बातचीत कर सकती हैं। मंत्रालय ने कहा कि वित्त मंत्री भारत-पेरू व्यापार मंच की बैठक की भी अध्यक्षता करेंगी, जिसमें भारत और पेरू दोनों देशों के प्रमुख व्यापार प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

### केंद्र सरकार देश में किफायती सीएनजी और पीएनजी उपलब्ध कराने के लिए उठा रही जरूरी कदम

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को कहा कि उसने घरेलू प्राकृतिक गैस के लिए आवंटन ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से जरूरी कदम उठाए हैं, जो क्लीन एनर्जी तक पहुंच को बढ़ावा देने, शहरों में एयर क्वालिटी में सुधार और घरेलू ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के केंद्र के विजन के अनुरूप है। सरकार ने कहा, वाहनों में उपयोग होने वाली सीएनजी और घरों में खाना बनाने के लिए उपयोग होने वाली पीएनजी की उपलब्धता बनाए रखने और उन्हें किफायती बनाने के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने घरेलू गैस आवंटन नीति को शुरू किया है। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में सीएनजी (टी) और पीएनजी (डी) सेगमेंट के लिए घरेलू प्राकृतिक गैस का आवंटन दो-तिमाही अग्रिम आधार पर किया जाएगा। आवंटन में अब ओएनजीसी और ओआईएल को दिए गए फील्ड से न्यू वेल गैस (एनडब्ल्यूजी) भी शामिल होगी। गेल और ओएनजीसी द्वारा किए गए अनुमानों से सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) कंपनियों को अग्रिम रूप से आपूर्ति की जानकारी सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी, जिससे योजना और वितरण दक्षता में वृद्धि होगी। मंत्रालय ने आगे बताया, समय पर और विश्वसनीय आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एनडब्ल्यूजी के लिए नीलामी आधारित आवंटन को तिमाही प्रो-राटा आवंटन के साथ बदल दिया गया है।

**जीत के बावजूद गुजरात के कप्तान शुभमन गिल को झटका**

# बीसीसीआई ने पाया इस गलती के लिए दोषी; ठोका जुर्माना

**अहमदाबाद,एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर धीमी ओवर गति के कारण जुर्माना लगा दिया है। बोर्ड ने उन पर 12 लाख रुपये का जुर्माना ठोका है। आईपीएल ने इसको लेकर जारी बयान में कहा- यह आईपीएल की आचार संहिता की धारा 2.22 के तहत उनकी टीम का इस सीजन का पहला अपराध था, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है इसलिए शुभमन गिल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।



**गुजरात ने दर्ज की शानदार जीत**

गुजरात ने शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सात विकेट से जीत दर्ज की थी। इस मैच में दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट पर 203 रन बनाए थे। जवाब में बटलर ने 54 गेंदों पर 11 चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 97 रन बनाए जिससे गुजरात ने 19.2 ओवर में तीन विकेट पर 204 रन बनाकर मैच जीत लिया।

**गुजरात टाइटंस ने आईपीएल में हासिल किया अपना सबसे बड़ा लक्ष्य**

गुजरात ने इस तरह आईपीएल में अपना सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल कर लिया।

इससे पहले टीम ने कभी भी 200+ रनों का लक्ष्य हासिल नहीं किया था। दिल्ली ने इस मैच से पहले चार बार 200 से अधिक रनों का लक्ष्य का पीछा किया था, लेकिन टीम को सफलता नहीं मिली थी। यह दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ भी किसी टीम का सबसे बड़ा लक्ष्य है।

# अर्जुन बाबुता मामूली अंतर से स्वर्ण पदक से चूके, भारत पदक तालिका में तीसरे स्थान पर

**लीमा (पेरू)।** पेरिस ओलंपिक में भाग ले चुके भारतीय निशानेबाज अर्जुन बाबुता यहां आईएसएसएफ विश्व कप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में मामूली अंतर से स्वर्ण पदक से चूक गए और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा जबकि आर्या बोरसे महिलाओं की स्पर्धा में पांचवें स्थान पर रहीं। पिछले साल पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहे बाबुता (252.3) रोमांचक फाइनल में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन चीन के शेंग लिहाओ (252.4) से सिर्फ 0.1 अंक से हार गए। विश्व कप में 40 से अधिक पदक जीत चुके हंगरी के निशानेबाज इस्तवान पेनी ने 229.8 के कुल स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। फाइनल में कई स्टार निशानेबाज पहुंचे थे जिनमें मौजूदा विश्व चैंपियन और पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता स्वीडन के विक्टर लिंडग्रेन, नॉर्वे के जॉन-हरमन हेग और भारत के पूर्व विश्व चैंपियन रुद्रांक्ष पाटिल शामिल थे। भारत के पास दो पदक जीतने का मौका था, लेकिन दुर्भाग्य से तकनीकी खराबी के कारण पाटिल को जूरी ने अपना 11वां शॉट नहीं लेने दिया। इस तरह से यह भारतीय निशानेबाज पहले एलिमिनेशन चरण में हारकर आठवें स्थान पर रहा। फाइनल में बाबुता और पाटिल दोनों ने समान 10.1 के साथ मजबूत शुरुआत की। पाटिल ने पिछले सप्ताह ब्यूनस आयर्स में विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता था, लेकिन इस बार भाग्य उनके साथ नहीं था और उन्हें फाइनल के शुरू बाहर होना पड़ा। पाटिल के बाहर हो जाने के बावजूद बाबुता शांत रहे और उन्होंने 14वें शॉट के बाद पहली बार बढ़त ले ली। शेंग ने इसके बाद अच्छी वापसी की। बाबुता को एक समय 0.3 अंक की मामूली बढ़त हासिल थी लेकिन चीन के निशानेबाज में 10.9 अंक का निशाना साधकर बढ़त बना दी। बाबुता का अंतिम स्कोर 10.5 फिर से बढ़त हासिल करने के लिए पर्याप्त नहीं था, क्योंकि शेंग ने 10.3 के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम पक्का कर दिया। इससे पहले क्वालिफिकेशन में बाबुता ने पहली रिले में 631.9 का मजबूत स्कोर बनाया, जबकि शेंग ने 635.0 के साथ सहजता से शीर्ष स्थान हासिल किया। पाटिल ने दूसरी रिले में 632.0 का स्कोर बनाकर ग्रुप का नेतृत्व किया और कुल मिलाकर तीसरा स्थान हासिल किया। भारत के हृदय हजारिका मामूली अंतर से फाइनल में जगह बनाने से चूक गए और 629.3 के स्कोर के साथ 10वें स्थान पर रहे। आईएसएसएफ विश्व कप सर्किट के दूसरे चरण में 10 मीटर एयर राइफल महिला स्पर्धा में आर्या ने शनिवार को 633.9 का शानदार स्कोर बनाकर पांचवें स्थान पर रहकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। वह मौजूदा जूनियर विश्व चैंपियन और स्वर्ण पदक विजेता चीन की वांग ज़िफेई से पीछे रहीं। चीन की निशानेबाज ने इस दौरान तीन विश्व रिकॉर्ड बनाए। आर्या 24 शॉट के फ़ाइनल के 18वें शॉट के बाद बाहर हो गईं। उनका स्कोर 188.1 था। चीन ने इस स्पर्धा में तीनों पदक जीते। हान जिया ने रजत जबकि फैन ज़िनी ने कांस्य पदक जीता।

# प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी में सरकार ने अब तक झुग्गीवासियों को वितरित किए 90 लाख घर

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** सरकार द्वारा सोमवार को संसद में कहा गया कि 3 मार्च 2025 तक प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी (पीएमएवाई-यू) के तहत शहरों में झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले लोगों को 90.60 लाख घर दिए गए हैं। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तोखन साहू ने राज्यसभा में एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि पीएमएवाई-यू के तहत मंत्रालय द्वारा कुल 118.64 लाख मकानों को मंजूरी दी गई है, जिनमें से 112.46 लाख मकानों का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है और 3 मार्च 2025 तक 90.60 लाख मकान पूरे हो चुके हैं या लाभार्थियों को वितरित किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि फंडिंग पैटर्न और कार्यान्वयन पद्धति में बदलाव किए बिना स्वीकृत घरों को पूरा करने के लिए योजना की अवधि 31 दिसंबर, 2025 तक बढ़ा दी गई है। राज्य मंत्री ने कहा कि आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) 25 जून, 2015 से पीएमएवाई-यू के तहत केंद्रीय सहायता प्रदान करके राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की सहायता कर रहा है, जिससे देश भर में मलिन बस्तियों सहित शहरी क्षेत्रों में पक्के मकान उपलब्ध कराए जा सकें। राज्य मंत्री साहू ने कहा कि पीएमएवाई-यू के कार्यान्वयन के नौ वर्षों के अनुभवों से सीख लेकर मंत्रालय ने इस योजना को नया रूप दिया है और एक करोड़ अतिरिक्त पात्र लाभार्थियों के लिए 1 सितंबर, 2024 से पीएमएवाई-यू 2.0 'सभी के लिए आवास' मिशन शुरू किया है। राज्य मंत्री ने कहा कि अब तक 30 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों ने समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किए हैं और ऐसे राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को 6.77 लाख घरों की सैद्धांतिक मंजूरी दी गई है। सरकार के आंकड़ों के अनुसार, देश भर में 1.39 करोड़ परिवारों के कुल 6.54 करोड़ लोग झुग्गियों में रह रहे हैं। झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले परिवारों का यह आंकड़ा 2011 में की गई अंतिम जनगणना पर आधारित है।

# आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस को मिला 3.67 करोड़ रुपये का जीएसटी डिमांड नोटिस

**मुंबई ,एजेंसी।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने शुक्रवार को कहा कि कंपनी को 3.67 करोड़ रुपये का गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) डिमांड नोटिस मिला है।

कंपनी ने आगे कहा कि यह नोटिस मुंबई के जीएसटी कमीश्नर (अपील) की ओर से दिया गया है। यह नेटिस सर्विस टैक्स क्रेडिट पर विवाद से संबंधित है जिसे कंपनी ने 2017 में जीएसटी सिस्टम लागू होने पर कैरी फॉरवर्ड किया था। कंपनी ने रेगुलेटरी फाइलिंग में कहा, कंपनी को 17 अप्रैल को मुंबई के सीजीएसटी एवं सेंट्रल एक्साइज (अपील) कमीशनर से एक आदेश प्राप्त हुआ है, जिसमें टैक्स डिमांड को बरकरार रखा गया है। इससे पहले, 2 जुलाई, 2024 को मुंबई में स्टेट गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (सीजीएसटी) विभाग ने एक आदेश पारित कर उस सर्विस टैक्स क्रेडिट के हिस्से को अस्वीकार कर दिया था, जिसे कंपनी ने 2017-18 वित्तीय वर्ष के दौरान जीएसटी फ्रेमवर्क में ट्रांसफर कर दिया था। इसके बाद आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल ने जीएसटी कमीश्नर के पास अपील की।

हालांकि, कंपनी को अब फिर से जीएसटी डिमांड नोटिस दे दिया गया है, जिसमें देनदारी के साथ जुर्माने की राशि भी शामिल है।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल इंश्योरेंस ने एक्सचेंज फाइलिंग में कहा, कंपनी को 17 अप्रैल, 2025 को दोपहर 2.22 बजे, मुंबई के सीजीएसटी और सेंट्रल कस्टम कमीश्नर (अपील) से टैक्स डिमांड को बरकरार रखने का आदेश मिला है। डिमांड नोटिस में 1.83 करोड़ रुपये की टैक्स देनदारी है, जबकि इतनी ही राशि का जुर्माना है, जिसके कारण कंपनी को 3.67 करोड़ रुपये टैक्स नोटिस दिया गया है।

कंपनी ने कहा, हम घोषणा करते हैं कि सेबी लिस्टिंग रेगुलेशनंस के रेगुलेशन 30(13) के अनुपालन में

# डकैती एवं महिला से छेड़छाड़ के 3 आरोपी गिरफ्तार, दो इनामी बदमाश फरार

## छह घरों में चोरी की, डरने हवाई फायरिंग भी की



**शिवपुरी ब्यूरो।** बैराड़ थाना पुलिस ने बन्हेंराखुर्द गांव में आदिवासियों के साथ डकैती एवं महिला से छेड़छाड़ के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से एक देशी कट्टा, लूटा गया मोबाइल, चांदी के जेवर एवं 4900 रूपए नगदी बरामद किया है। जानकारी के अनुसार बैराड़ थाना क्षेत्र में 13 अप्रैल की रात करीब 1 बजे पांच नकाबपोश हथियारबंद बदमाश गांव में घुसे। उन्होंने तीन घंटे तक छह से ज्यादा घरों में डकैती की। एक महिला से छेड़छाड़ की। लोगों को डराने के लिए हवाई फायरिंग भी की। पुलिस ने 19 अप्रैल को तीन आरोपियों को पकड़ा। जिनकी पहचान पंजाब उर्फ रॉकी यादव उम्र 21 वर्ष, परमानंद उर्फ छोटू उम्र 22 वर्ष और अंकित परिहार उम्र 20 वर्ष की गिरफ्तारी हुई। इनके पास से लूटा हुआ मोबाइल, चांदी की करधौनी और 4 हजार 900 रुपए नकद बरामद हुए। एक 315 बोर का अवैध देसी कट्टा भी मिला। मुख्य आरोपी मुलायम उर्फ सड्डे यादव और एक अन्य बदमाश अभी फरार हैं। मुलायम पर पहले से 16 गंभीर अपराध दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौर ने सभी आरोपियों पर 10-10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। जांच में पता चला कि आरोपियों ने पहले गांव की रेकी की थी। शुरू में मामला चोरी का लगा। बाद में पुलिस की गहन जांच में डकैती और छेड़छाड़ का मामला सामने आया। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया है। फरार दो आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। इस कार्रवाई में एएसपी संजीव मुले, पोहरी एसडीओपी सुजीत सिह भदौरिया, बैराड़ थाना प्रभारी शिव सिंह यादव, उनि विनोद यादव थाना प्रभारी गोपालपुर मय टीम, उनि रविन्द्र कुशवाह थाना गोवर्धन मय टीम, उनि मुकेश दुबैलिया थाना प्रभारी सिरसोद मय टीम, उनि धर्मेन्द्र जाट सायवर सेल मय अपने स्टाफ व उनि धर्मन्द्र शिवहरे उनि सीमा धाकड़, उनि आरएस चोकोटिया, सउनि हरिओम पाण्डेय, सउनि दशरथ सिह, सउनि तेज सिह गोड, प्र.आर.जगेश सिकरवार, सुरेन्द्र भगत, हरिओम जाटव, गोविन्द सिह भदौरिया, शिरोमणि सिंह, इकबाल अहमद, आर. राजकुमार माहौर, अवधेश शर्मा, रणजीत रावत, अरूण जादौन, रामअवतार रावत, अतर सिंह रावत, दुर्गाविजय रावत, राजेन्द्र प्रसाद, लोकेन्द्र सिंह, संगम उपाध्याय, सुमित सेंगर, शोभाराम मीणा, राजेन्द्र प्रसाद, म.आर.वैशाली श्रीवास्तव, आर.चालक मनीष परिहार की सराहनीय भूमिका रही।

# जितेंद्र रघुवंशी बने श्री हनुमंत सेना के राष्ट्रीय महामंत्री



**शिवपुरी ब्यूरो।** अंतर्राष्टीय सप्त ऋषि अखाड़ा परिषद द्वारा संचालित श्री हनुमंत सेना संगठन की शुरुआत की गई है जिसकी कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है। कार्यकारिणी के अनुसार जितेंद्र रघुवंशी को राष्टीय महामंत्री बनाया गया है। राष्टीय अध्यक्ष सच्चिदानंद बालप्रभु महाराज, संगठन मंत्री हर मनोज दास महाराज, राष्टीय अध्यक्ष धर्माचार्य सेना रामकृष्ण उपाध्याय, राष्टीय महामंत्री धर्माचार्य सेना, पण्डित महेन्द्र मधुर, राष्टीय अध्यक्ष युवासेना, श्यामानन्द महाराज, राष्टीय अध्यक्ष गौ रक्षक सेना हिन्दू महेंद्र साहू, राष्टीय उपाध्यक्ष गौ रक्षक सेना ओम महाराज, हरियाणा प्रदेश प्रभारी राधे राधे महाराज, गुजरात प्रदेश प्रभारी महंत पंकजदास महाराज, उत्तरांखड प्रदेश प्रभारी मोहन भट्ट, प्रदेश अध्यक्ष मध्यप्रदेश विनय पांडे को बनाया गया है अपनी नियुक्ति पर जितेंद्र रघुवंशी ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी है उसका वह पूर्णता निर्माण करेंगे और संगठन को आगे बढने का कार्य लगातार करते रहेंगे।

# करैरा पुलिस ने शराब पीने के लिए रूपए न देने पर मारपीट करने वाला शातिर बदमाश गिरफ्तार



**शिवपुरी ब्यूरो।** करैरा थाना पुलिस ने शराब पीने के लिए रूपए न देने पर मारपीट करने वाले एक शातिर बदमाश को 24 घंटे के भीतर ही गिरफ्तार किया है। करैरा टीआई विनोद छावई के अनुसार, 19 अप्रैल को फरियादी सुशील जैन पुत्र श्री मदनलाल जैन उम्र 36 साल निवासी बैरियल के सामने फिल्टर रोड करैरा ने थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई कि अपने घर के बाहर खड़ा था तभी देवा उर्फ ओम परिहार नि0 गल्ला मंडी के पास करैरा का आया और मुझसे शराब पीने के लिये रुपये मांगने लगा मैंने कहा कि मेरे पास रुपये नही है इसी बात को लेकर देवा उर्फ ओम परिहार मुझे मां बहिन की गंदी गंदी गालियां देने लगा मैने गाली देने से मना किया तो देवा उर्फ ओम ने मेरी थप्पडो से मारपीट कर दी जिससे मेरे दोनो गालो में व पीठ में मूदी चोटें आई मुझे बचाने मेरी मां मुन्नी देवी आयी तो देवा उर्फ ओम ने मां की डन्डा से मारपीट कर दी जिससे मां के दाहिने हाथ के अंगूठे के पास वाली अंगुली में चोट होकर खून निकल आया। जाते समय देवा उर्फ ओम परिहार हमसे कह रहा था अगर थाने में रिपोर्ट करने गये तो तुम्हे जान से खत्म कर दूंगा । सो रिपोर्ट करता हूं कार्यवाही की जावें। उक्त रिपोर्ट पर आरोपी ओम परिहार के विरुध्द धारा 119(1),118(1) , 296, 115(2), 351(3) बीएनएस का कायम कर आरोपी ओम उर्फ देवा परिहार पुत्र हरीसिंह परिहार उम्र 37 साल निवासी गल्ला मंडी के पास करैरा को तत्काल गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया माननीय न्यायालय द्वारा ओरीपी को जेल भेज दिया गया । आरोपी ओम उर्फ देवा परिहार आदतन अपराधी है यह पूर्व में भी मारपीट, जुआ, लूट, चोरी के अपराध घटित कर चुका है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरी0 विनोद छावई, सउनि शैलेन्द चौहान, प्रआर राजेन्द्र यादव, आर. हरेन्द्र गुर्जर, अजय गुर्जर, सुरेन्द्र रावत, राधे जादौन, सतेन्द्र सिकरवार, संदीप चौहान, सोनू श्रीवास्तव की अहम भूमिका रही।

# नरवाई जलाने पर कार्यवाही और प्रबंधन हेतु दल किया गठित, कलेक्टर ने जारी किया आदेश

**शिवपुरी ब्यूरो।** नरवाई जलाने की घटनाओं पर नियंत्रण और प्रबंधन के उद्देश्य से दल का गठन किया गया है। घटनाओं के प्रबंधन के लिए कंबाइन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम के उपयोग को अनिवार्य किया गया है। जिसके तहत सहायक संचालक कृषि मनोज कुमार रघुवंशी को नोडल अधिकारी और सहायक संचालक कृषि एस एस घुरैया को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कंबाइन हार्वेस्टर की मॉनिटरिंग एवं कार्यवाही के लिए जिला परिवहन अधिकारी रंजना सिंह कुशवाह को नोडल अधिकारी और सहायक कृषि यंत्री भगवान सिंह नरवरिया को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। यदि जिले में कोई कंबाइन हार्वेस्टर बिना स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम या स्ट्रा रीपर के संचालित पाए जाते हैं, तो उन संचालकों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

**जिला स्तर पर कंट्रोल रूम की स्थापना**

सहायक कृषि यंत्री भगवान सिंह नरवरिया को और सहायक संचालक कृषि डॉ किरण रावत को नियुक्त किया गया है। नरवाई में आग लगने की घटनाओं की जानकारी 9926346695 पर शिकायत दर्ज की जा सकेगी। सेटेलाइट से प्राप्त डाटा की सूचना के लिए भी सहायक कृषि यंत्री भगवान सिंह नरवरिया को नोडल रहेंगे।

**उड़ान दस्ता दल का गठन**

नरवाई जलाने की घटनाओं की निगरानी एवं क्षेत्र भ्रमण के लिए उडन् दस्ता दल का गठन किया गया है जिसमें संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार दल प्रभारी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी और कृषि विस्तार अधिकारी को सदस्य नियुक्त किया गया है जो अपने क्षेत्र में निरंतर भ्रमण करेंगे एवं नरवाई में आग लगाने की घटनाओं में तुरंत करवाई करेंगे। वहीं निगरानी दल में संबंधित क्षेत्र के नायब तहसीलदार, कृषि विस्तार अधिकारी एटीएम/बीटीएम एवं थाना प्रभारी, पटवारी, सचिव एवं कोटवार रहेंगे। इन घटनाओं पर कार्रवाई के लिए एसडीएम को भी निर्देशित किया गया है। अनुविभागीय स्तरीय मॉनिटरिंग समिति और अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मॉनिटरिंग समिति गठित की गई है।

# प्रोजेक्ट ऐरो के तहत उपडाकघर का हुआ सौंदर्यकरण, विधायक देवेंद्र व जिलाध्यक्ष जसवंत ने किया लोकार्पण



**शिवपुरी ब्यूरो।** केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा गुना, शिवपुरी एवं अशोकनगर जिले के समस्त उपडाकघरों में प्रोजेक्ट एरो के अनुरूप लुक एंड फील के तहत् कार्य करवाया जा रहा है। इसी क्रम में शिवपुरी जिले के उपडाकघर कलेक्ट्रेट भवन शिवपुरी एवं व्हीआरसी शिवपुरी में सौंदर्यीकरण कार्य करवाया गया, जिसका लोकार्पण विधायक शिवपुरी देवेन्द्र कुमार जैन एवं भाजपा जिलाध्यक्ष जसवंत जाटव द्वारा शनिवार को किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में नेहा यादव जिला पंचायत अध्यक्ष शिवपुरी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता गायत्री शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष शिवपुरी द्वारा की गई। अतिथियों का स्वागत ओपी चतुर्वेदी अधीक्षक डाकघर गुना एवं रवि स्वर्णकार निरीक्षक डाकघर शिवपुरी तथा मलखानसिंह लोधी पोस्टमास्टर शिवपुरी द्वारा किया गया। ओपी चतुर्वेदी अधीक्षक डाकघर गुना द्वारा डाक विभाग की इस पहल के बारे में विस्तार बताया गया। इस दौरान हरवीर सिंह रघुवंशी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, राजीव जैन जिला कार्यालय मंत्री, अजमेर सिंह यादव प्रदेश कार्यकारणी सदस्य बीएमएस, शत्रुध्न सिंह तोमर जिलाध्यक्ष बीएमएस, एलडी गुप्ता से. नि. प्राचार्य, दुर्गेश रघुवंशी, पवन गुप्ता, पारस जैन एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। आभार बीएस कुशवाह सब पोस्टमास्टर द्वारा किया गया।

# बस स्टैंड से दो बसों से म्यूजिक सिस्टम और बैटरी चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात



**शिवपुरी ब्यूरो।** अंतरराज्यीय बस स्टैंड पर शनिवार रात एक चोरी की वारदात हुई। अज्ञात चोरों ने दो बसों से म्यूजिक सिस्टम और एक बैटरी चुरा ली। सपना ट्रेवल्स के मालिक जय सिंह रावत की बसों को निशाना बनाया गया। स्टाफ के जाने के बाद चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने एक अन्य बस की बैटरी भी चोरी करने का प्रयास किया। रविवार सुबह बस स्टाफ को चोरी का पता चला। सीसीटीवी फुटेज की जांच में चोर कैमरे में कैद हुए। बस ऑपरेटर ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। बस स्टैंड पर रात में कोई गतिविधि नहीं होती। रात के समय बसों का आवागमन बंद रहता है। सुनसान माहौल का फायदा उठाकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया।

# तालाब में नहाने गए दो चचेरे भाइयों की डूबने से मौत, दोनों को तैरना नहीं आता था

**शिवपुरी ब्यूरो।** खनियांधाना क्षेत्रान्तर्गत चमरऊआ गांव में रविवार दोपहर तालाब में नहाने गए दो चचेरे भाइयों की डूबने से मौत हो गई। ये हादसा दोपहर करीब ढाई बजे के आसपास खनियाधाना थाना क्षेत्र में हुई। जानकारी के अनुसार चमरऊआ गांव निवासी करण केवट पुत्र रघुवर केवट उम्र 18 वर्ष और अभिषेक केवट पुत्र विक्रम केवट उम्र 13 वर्ष गांव के कुछ अन्य युवकों के साथ नहाने के लिए तालाब गए थे। नहाते समय दोनों गहरे पानी में चले गए, जिससे वे डूबने लगे। मौके पर मौजूद अन्य ग्रामीणों ने उन्हें तालाब से बाहर निकाला, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। दोनों को तत्काल खनियाधाना के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्होंने बताया कि दोनों को तैरना नहीं आता था। पूरे गांव में शोक का माहौल बना हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही खनियाधाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# किन्नरों की जबरन वसूली पर सांसद सिंधिया का एक्शन

## निर्देश के बाद एसडीओपी ने समुदाय के साथ की बैठक, आपसी सहमति से निकला समाधान



**शिवपुरी ब्यूरो।** शिवपुरी के जनता दरबार में आमजन की समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। खास बात ये है कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया खुद इन शिकायतों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। वो आवेदकों को पत्र के जरिए कार्रवाई की जानकारी भी दे रहे हैं। ऐसा ही एक मामला कोलारस से सामने आया, जहां समाजसेवी और अग्रवाल समाज अध्यक्ष महावीर जैन ने 10 फरवरी 2025 को आयोजित जनसुनवाई शिविर में किन्नर समुदाय द्वारा की जा रही जबरन वसूली और अभद्र व्यवहार की शिकायत की थी। जैन ने बताया कि लड़का होने पर 50 हजार रुपए और सोने की अंगूठी और शादी में 1 लाख रुपए की मांग की जाती है। मांग पूरी न होने पर गाली-गलौच और धमकी दी जाती है, जिससे आमजन विशेषकर गरीब वर्ग परेशान है। इस शिकायत पर संज्ञान लेते हुए सिंधिया ने तत्काल जिला प्रशासन को जांच के निर्देश दिए। एसडीओपी कोलारस विजय यादव को जांच सौंपी गई। थाने में इस मामले की कोई लिखित शिकायत नहीं मिली थी, लेकिन जनता की परेशानी को समझते हुए पुलिस ने किन्नर समुदाय के साथ बैठक कर उन्हें समझाइश दी और भविष्य में ऐसी हरकतें न करने की चेतावनी दी। इसके बाद पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ को जांच प्रतिवेदन सौंपा गया। शिकायतकर्ता व किन्नर समुदाय के बीच आपसी सहमति से समाधान कराया गया, जिसमें किसी प्रकार की जबरन आर्थिक मांग न करने की बात स्पष्ट की गई। कार्रवाई के कुछ दिन बाद सांसद सिंधिया ने महावीर जैन को पत्र लिखकर जानकारी दी। अपने पत्र में सिंधिया ने लिखा, आपकी शिकायत पर तत्काल कार्रवाई करते हुए जिला प्रशासन को निर्देशित किया गया था। अब मुझे अवगत कराया गया है कि किन्नर समुदाय को समझाइश दी गई है और भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए उन्हें चेतावनी दी गई है। मैं आपके और आपके परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करता हूं।

# वीर रस, हास्य सहित विभिन्न विधाओं में कवियों ने किया काव्य पाठ, श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

## शहीद मेले में आयोजित हुआ अखिल भारतीय कवि सम्मेलन




**शिवपुरी ब्यूरो।** अमर शहीद तात्या टोपे के बलिदान दिवस के अवसर पर 18 और 19 अप्रैल को तात्या टोपे पार्क में दो दिवसीय शहीद मेले का आयोजन किया गया। शहीद मेले में श्रद्धांजलि सभा के साथ ही 18 अप्रैल की शाम देशभक्ति गीतों का कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें भोपाल के कलाकारों ने प्रस्तुति दी। वहीं अगले दिन 19 अप्रैल की शाम अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। कवि सम्मेलन में एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी गई। विभिन्न विधाओं में कवियों ने काव्य पाठ किया और अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। श्रोतागण ने भी कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया और कवियों का उत्साहवर्धन किया। देर रात तक यह कार्यक्रम उसी उत्साह के साथ चलता रहा। कार्यक्रम में नागपुर से आई श्रृद्धा शौर्य और इटावा के देवेन्द्र प्रताप सिंह, ग्वालियर के शिवम सिसोदिया ने वीर रस की कविताओं का जब मंच पर काव्य पाठ किया और देश के स्वतंत्रता संग्राम को अपनी कविताओं के माध्यम से प्रस्तुत किया, तब श्रोताओं में भी वही उत्साह भर दिया। वहीं देवास के कुलदीप रंगीला, विदिशा के ध्रुव शर्मा ने हास्य रस में अपनी प्रस्तुति दी। दिल्ली से सरजन शीतल गीतकार, प्रतीक चौहान गीतकार भिण्ड, रायसेन से गीतकार नीतेश व्यास, मुरैना से रोशन मनीष गीतकार की भी प्रस्तुति को सराहा गया। आशुतोष शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया।

# इधर 30 अप्रैल को शादी उधर दुल्हन किसी और के साथ भागी, दूल्हे के परिवार ने शादी से किया इनकार, दहेज में मिली सामग्री लौटाने को भी तैयार



**शिवपुरी ब्यूरो।** अमोला में एक अजीब मामला सामने आया है। यहां 30 अप्रैल 2025 को होने वाली शादी से पहले दुल्हन किसी दूसरे युवक के साथ चली गई। इस घटना के बाद लड़की का परिवार भी घर में ताला लगाकर गायब हो गया है। झांसी निवासी शंकरलाल वंशकार ने अपने बेटे विशाल का विवाह अमोला की एक युवती से तय किया था। उन्हें जानकारी मिली कि युवती किसी और के साथ चली गई है। इस घटना के बाद दूल्हे के पिता ने शिवपुरी एसपी कार्यालय में आवेदन दिया है। शंकरलाल ने कहा कि वे अब इस परिवार से कोई रिश्ता नहीं रखना चाहते। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में युवती या उसके परिवार के साथ कोई अनहोनी होने पर उनका परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। सगाई के समय लड़की पक्ष ने दूल्हे को एक मोटरसाइकिल और 11 हजार रुपये नगद दिए थे। गोदी रस्म में एक सोने की अंगूठी, चांदी की पायल और 2100 रुपये भी दिए गए थे। दूल्हे का परिवार यह सारी सामग्री वापस करने को तैयार है।

# शिक्षकों की समस्याओं का नहीं हुआ निराकरण तो शीघ्र करेंगे आंदोलन- पवन सिंह परिहार



**मुरैना,कांस।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक 20 अप्रैल 2025 को दोपहर 1:30 बजे स्थान डाइट परिसर में आयोजित कीगई जिसमें बैठक की अध्यक्षता पवन सिंह परिहार मध्य प्रदेश शिक्षक संघ द्वारा की गई बैठक में प्रमुख रूप से प्रांतीय उपाध्यक्ष रामबरन सिंह सिकरवार, श्यामवीर सिंह राठौड़ प्रदेश विधि प्रकोष्ठ प्रभारी विशेष रूप से उपस्थित रहे बैठक में मां सरस्वती जी की पूजा अर्चना की गई बैठक में विभिन्न पदाधिकारियों द्वारा शिक्षकों से जुड़ी समस्याओं के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई जो इस प्रकार हैं क्रमन्नति एवं एरियर भुगतान के संबंध में रणनीति तैयार की गई तथा शिक्षकों की क्रमन्नति लगाकर हटा दी गई हटाने वाले कार्यालय पर इसकी जवाबदारी निश्चित की जावे, डी ए के भुगतान के संबंध में, एनपीएस मिसिंग का सुधार कर पासबुक निर्धारण करवाना, कुछ विद्यालयों के शिक्षकों का एनपीएस नहीं कट रहा है जैसे ज्योति हायर सेकेंडरी स्कूल मुरैना, शासकीय कर्मचारियों को नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत आने वाले संकुल केंद्रों के समस्त कर्मचारियों के मूल वेतन में 7त्र जोड़ा जावे, पूर्व में जिन दिव्यांग कर्मचारी की दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए गए थे वर्तमान में डिजिटल दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए जा रहे जिनमें उनका प्रतिशत कम लिखा जा रहा है डॉक्टर सहानुभूति पूर्वक विचार कर पूर्व के प्रतिशत को ही अंकित करें ग्रीष्मकालीन अवकाश को बढ़ाकर 1 मई से 15 जून तक शिक्षकों के लिए किया जावे, दिव्यांग भत्ता जो कि बढ़ाया गया है शासन से शीघ्र आदेश जारी करने के संबंध में, इंग्लिश मीडियम के कक्षा 1 से 12 तक के विद्यालयों के लिए अंग्रेजी माध्यम की पुस्तकें उपलब्ध कराने के संबंध में बैठक में जिला कार्यकारिणी एवं प्रांतीय एवं संभागीय, नगरइकाई, विकासखंड इकाई ,एवं तहसील इकाई ,के समस्त पदाधिकारी गण विशेष रूप से उपस्थित रहे बैठक को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश शिक्षा संघ के जिला अध्यक्ष पवन सिंह परिहार में ने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो शीघ्र आंदोलन करेंगे इस संबंध में विस्तृत रणनीति बनाकर कार्य करने की प्रतिज्ञा ली ।

# अजाक्स के संभागीय महासचिव अशोक नेगी को मातृ शोक



**मुरैना,कांस।** म.प्र. अनुसूचित जाति/जनजाति अधिकारी-कर्मचारी संघ के संभागीय महासचिव श्री अशोक कुमार नेगी की माताजी श्रीमती रेवती देवी का गत रात्रि दुःखद निधन हो गया। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड गई है। उनकी शव यात्रा न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलौनी निवास से जौराखुर्द शमशाम घाट पहुॅची जहॉ उनका अंतिम संस्कार किया गया। उन्हें मुखाग्नि उनके जेष्ठ पुत्र अशोक नेगी ने दी। उनकी शव यात्रा में बडी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी, संगठन के सदस्यो के अलावा परिवार के लोग शामिल होकर उन्हें अंतिम बिदाई दी गई।

# किसान ने खेत पर फांसी लगाई

**मुरैना,कांस।** जिले के बागचीनी थाना क्षेत्र में एक किसान ने अपने खेत के कुंए पर फंसी का फन्दा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम करेरा का पुरा में निवास करने वाले किसान रवि कुशवाह पुत्र केदार सिंह उम्र 28 साल ने अपने खेत पर बने कुॅए के पास फंसी का फन्दा लगाकर झूल गया जिससे उसकी मौत हो गई। थाना पुलिस ने घटना की जानकारी मिलते ही शव का मौका पंचनामा बनाकर शव का पीएम कराकर उसे उसके परिजनो को सौपकर फरियादी रामवरन पुत्र केदार कुशवाह की रिपोर्ट पर से मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

# वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के बलिदान दिवस पर जन जागरण यात्रा का स्वागत हुआ



**मुरैना,कांस।** शहीद वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में 20 अप्रैल को जनजागरण यात्रा ग्वालियर से मुरैना वैरियर से होते हुए एमएस रोड पर भव्य स्वागत किया गया ,उसके बाद अवंतीबाई कॉलोनी पर फिर बड़ागांव पर नेत्रपाल सिंह ,उमेश सिंह , कल्ला उर्फ धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में स्वागत किया गया उसके बाद उमरिया पुरा पर जिला पंचायत सदस्य देशराज कुशवाह ने स्वागत किया गया।इसके बाद पचपेड़ा होते हुए परडूपुरा पर रणवीर सिंह के नेतृत्व में वीरपाल जी ,दशरथ सिंह जी ,पातीराम जी द्वारा स्वागत किया गया।इसके बाद शिवम कॉलेज में पातीराम जी लोधी ,भावर सिंह नरवरिया जी,दिनेश शर्मा जी के नेतृत्व में स्वागत किया गया ।विधायक प्रीतम लोधी ने स्वागत सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस जनजागरण यात्रा का उद्देश्य सभी समाजों में आपसी तालमेल बनाकर कार्य किया जाए जिससे सामाजिक समरसता का विकास हो सके और लोग राष्ट्र निर्माण में भागीदारी बने।समाज को समृद्धशाली, शिक्षित बनकर स्वाभिमान बनाए रखने का कार्य करना चाहिए ,देश सर्वोपरि इसलिए समाज शिक्षित होकर एकता के साथ कार्य करेंगे ऐसी इस जन जागरूकता रैली से समाज में संदेश देने का कार्य करूंगा ।पोरसा में सर्वसमाज द्वारा स्वागत जो स्वागत किया गया उसके लिए में अभिभूत हु और सर्वसमाज का धन्यवाद ज्ञापित करता हूं।स्वागत करने वालों में अंगद सिंह,कमलेश जनपद ,बच्चू सिंह,लखन सिंह,हरिओम गुप्ता , सुरेंद्र सिंह, भवर सिंह एडवोकेट, आदि पांच सैकड़ा लोग उपस्थित थे।

# कृषि मंत्री श्री कंषाना हिंगोना पंचायत में पीड़ित परिजनों से मिले, बंधाया ढांढस



**मुरैना,कांस।** रविवार को मुरैना जनपद की ग्राम पंचायत हिंगोना खुर्द में संजय जाटव/श्री चिम्मन जाटव के दुखद निधन पर किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री ऐंदल सिंह कंषाना ने उनके निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की और परिजनों को ढांढस बंधाया। इस अवसर पर मंत्री श्री कंषाना ने उनके परिवार के लिए अपनी स्वेच्छा अनुदान से एक लाख रुपए की घोषणा की और घायल परिवार को इलाज़ हेतु स्वेच्छा अनुदान से 50 हजार रुपए की घोषणा की। मृतक परिवार के पिता एवं ताऊ व चाचा को दो-दो क्विंटल गेहूं खाने के लिए व्यवस्था करने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के समस्त कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि स्वयं पीड़ित परिवार के साथ है और आगे भी हर संभव मदद का विश्वास दिलाया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी श्री ब्रजकिशोर दंडोतिया, श्री बालकृष्ण शर्मा (साटा) सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# आदर्श गौशाला में आज से प्रारंभ होगा बायो सीएनजी गैस का विक्रय

**ग्वालियर।** सोमवार से ग्वालियर के लालटिपारा स्थित आदर्श गौशाला में स्थापित दो टन प्रतिदिन (2 टीपीडी) क्षमता वाले बायो सीएनजी प्लांट में विधिवत रूप से गैस उत्पादन प्रारंभ हो जाएगा। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के सहयोग से स्थापित किए गए बायो सीएनजी प्लांट के गैस को गेल इन्डिया लिमिटेड द्वारा वाहनों को बायो सीएनजी मिलेगा द्य शहर में संचालित होने वाली डेयरी से निकलने वाले गोबर और होटल, रेस्टोरेंट के वेस्ट और सब्जी मंडी के गीले कचरे का भी उपयोग किया जाएगा। इससे स्वच्छ सर्वेक्षण में ग्वालियर की बेहतर रैंकिंग में मदद मिलेगी । नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने रविवार को आदर्श गौशाला पहुचकर नगर निगम अधिकारियों को 15 दिनों के भीतर गौशाला के सभी अवरुद्ध कार्य एवं व्यवस्थात्मक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान उपस्थित गणमान्य के समय स्वामी ऋषभदेवानंद महाराज, अपर आयुक्त श्री विजयराज, उपायुक्त श्री अमरसत्य गुप्ता, पवन सिंघल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# सबलगढ़ ब्रह्माकुमारी आश्रम में दादी रतन मोहिनी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी



**(चम्बलसुर्खी संवाददाता)**

**सबलगढ़।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सबलगढ़ सेवा केंद्र में पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी रतन मोहिनी जी के देहावसान पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र मुरैना की रेखा बहन ने अपने उदबोधन में दादी रतन मोहिनी के प्रेरणादायी जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दादी ने अपने 101 वर्ष के जीवनकाल में शांति, पवित्रता और मानवता की सेवा के लिए अनुकरणीय कार्य किए। उन्होंने बताया कि दादी ने 1937 में ब्रह्माकुमारी संस्थान की स्थापना के समय से ही संस्थान को अपने समर्पण और नेतृत्व से वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाई। विशेष रूप से युवा प्रभाग की अध्यक्ष के रूप में 40 वर्षों तक उन्होंने असंख्य युवाओं को आध्यात्मिकता और नैतिक मूल्यों के मार्ग पर प्रेरित किया। इस अवसर पर दादी रतनमोहिनी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजंलि दी गई। कार्यक्रम में सबलगढ़ केंद्र की पूनम बहन,अलका बंसल,सुमन गर्ग,नरेश मित्तल,अमरनाथ बंसल सहित बड़ी संख्या में भाई बहन उपस्थित रहे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नौगाँव तालाब की बंड पर जंगल सफाई का कार्य किया गया

**मुरैना,कांस।** जल संसाधन संभाग मुरैना के अधीन जल संसाधन ए.बी.सी. उपसंभाग क्र. 2 मुरैना के अनुविभागीय अधिकारी श्री जी.पी.एस. भदौरिया तथा उपयंत्री श्री सुरेश चन्द्र शर्मा एवं श्री देवेन्द्र गौड के मार्गदर्शन में शनिवार को जल गंगा संवर्धन अभियान-2025 के अंतर्गत नौगाँव तालाब की बंड पर जंगल सफाई का कार्य जन भागीदारी/जन सहयोग से किया गया। सभी ने एक जुट होकर श्रमदान किया।



# अति पुलिस अधीक्षक ने न्यायालयों में कार्यरत कोर्ट मोहर्रिर, कोर्ट मुशियों एवं वारंट मुशियों की समीक्षा बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए



**मुरैना,कांस।** पुलिस अधीक्षक मुरैना श्री समीर सौरभ द्वारा माननीय न्यायालयों में कार्यरत कोर्ट मोहर्रिरों, कोर्ट मुशियों एवं थाने पर तैनात वारंट मुशियों की कार्यप्रणाली की समीक्षा करने एवं उनकी कार्यप्रणाली को और अधिक बेहतर बनाने के उद्देश्य से समीक्षा बैठक आयोजित किये जाने संबंधी निर्देश दिए गए। उक्त निर्देशों के तारतम्य में श्री सुरेन्द्र पाल सिंह डावर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुरैना द्वारा दिनांक 20.04.2025 को पुलिस लाइन स्थित कॉनफ्रेंस हॉल में कोर्ट मोहर्रिरों, कोर्ट मुशियों एवं वारंट मुंशियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान अति. पुलिस अधीक्षक मुरैना द्वारा कोर्ट मोहर्रिरों को समय पर समंस वारंट जारी करने एवं जारी सगंस वारंटो में सही नाम पता लेख करने हेतु निर्देशित करते हुए कहा कि समंस वारंट सजगता से जारी करेंगे, तो निश्चित ही संमस वारंट के तामीली के प्रतिशत में बढ़ोत्तरी होगी, अक्सर अधूरे नाम पता के कारण संमस वारंट की तामीली में दिक्कतें आती है. समंस वारंट जारी करते समय पूरा नाम पता, मोबाईल नम्बर आवश्यक रूप से लिखें, साथ ही जमानतदारों के नाम पता भी लिखें। सभी न्यायालय में कार्यरत कोर्ट मोहर्रिर यह दायित्व है कि न्यायालय से जारी होने वाले समस्त आदेशिकाओं की तामीली समय पर पहुँच जाये, यदि किसी थाने से देरी होती है तो उक्त संबंध में थाना प्रभारी एवं उनसे वरिष्ठ अधिकारी को अवगत करायें, ताकि न्यायालय द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को पत्राचार करने की स्थिति निर्मित न हो। माननीय उच्च न्यायालय से प्राप्त नोटिस/वारंट समय पूर्व तामील कराए जायें, कोई भी नोटिस /वारंट अदम तामील न रहे। माननीय उच्च न्यायालय का कोई भी नोटिस/वारंट अदम तामील रहता है तो संबंधित राजपत्रित अधिकारी उसका सत्यापन करेंगे कि अदम तामीली के क्या कारण हैं। माननीय उच्च न्यायालय एवं अधीनस्थ न्यायालय द्वारा वांछित प्रत्येक केस डायरी समय पूर्व मय प्रतिवेदन के जमा करावे, केस डायरियों में आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड आवश्यक रूप से संलग्न किया जावें। चिन्हित अपराधों में स्वयं कोर्ट मोहर्रिर एवं संबंधित थाने का चालानी मुंशी नोडल अधिकारी से समन्वय कर अभियोजन पक्ष में साक्ष्य कार्यवाही करवाऐंगे। साथ माननीय न्यायालय में विचाराधीन 25 वर्ष पुराने प्रकरण, 05 वर्ष से अधिक समय से लंबित प्रकरण तथा जिन प्रकरणों में आरोपी वर्तमान में जेल में निरूद्ध हैं, ऐसे प्रकरणों की आदेशिकाएं प्राथमिकता के आधार पर शत प्रतिशत तामिल करावे। माननीय न्यायालय द्वारा जारी आदेशिकाओं की तामीली के संबंध में पुलिस मुख्यालय द्वारा समय-समय पर जारी परिपत्रों का अक्षरशः पालन किया जाये, इसके अतिरिक्त ई-समन के उपयोग के संबंध में भी जानकारी दी गई एवं बताया गया कि ईलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्राप्त होने वाले समस्त समन / वारंट प्रतिदिवस सीसीटीएनएस पर देख कर तामिल करावे व तामिली की सूचना सीसीटीएनएस इंद्राज करे, अन्यथा उक्त आदेशिका नॉन कम्पलाईस में बला जावेगा।

इसके साथ ही सभी कोर्ट मोहर्रिर को निर्देशित किया गया कि माननीय न्यायालय में कानून-व्यवस्था बनाये रखते हुये साक्षियों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। बैठक में कुल 39 कोर्ट मोहर्रिर, 20 कोर्ट मुंशी एवं 17 वारंट मुशियों के साथ सूबेदार (अ)/ शीघ्रलेखक श्री रमन सिंह राठौर, सउनि चरण सिंह प्रभारी कोर्ट सेल डीपीओ मुरैना भी उपस्थित रहे, बैठक के अंत में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित अधिकारी/कर्मचारियों की व्यवहारिक समस्याओं को सुना गया एवं उनके यथोचित समाधान बताए गए।

# किए हुए कर्म संस्कार बनते हे वर्तमान एवं भविष्य में : माधव दास जी

## डॉ माधवी आकाश ने दिया 2000 का सेवा दान, 21 लोगों ने लिया नशा मुक्ति का संकल्प, बड़ी संख्या में वितरित हुए वस्त्र, साड़ी सूट एवं चश्मे, 266 मरीज और 30 सेवक हुए उपस्थित

**मुरैना,कांस।** मेजर रामकुमार शर्मा परमार्थ न्यास में प्रभु श्री सीताराम जी की पूजा अर्चना, रामचरित मानस का पाठ, एवं विनय पत्रिका एवं भक्तमाल की कथा हुई इसके साथ ही 266 मरीजो ने अपना परीक्षण करा के उपचार कराया, विषय बार मरीजो की संख्या इस प्रकार रही -दन्त रोग 89 स्व- जगदीश प्रसाद गुप्ता मेडिसिन कक्ष में 73, नाक कान गला 47, सर्जरी 42, अस्थि रोग 45, नैत्र रोग 25, अन्य उक्त शिविर में विशेष रूप से निम्न कार्य सम्पादित किये गए -दांतों के सेट0, ब्लड प्रेसर की जाँच 42, ई.सी.जी 1, इंडियन डेंटल एसोसिएशन के तहत तम्बाखू, बीड़ी, सिगरेट, शराब से ग्रसित मरीज 32, नशा छोड़ने का संकल्प लिया 19, फिजियोथेरेपी मशीन से उपचार 32, एम्स में पंजीयन0 इसके अलावा स्व. अंकित जैन स्मृति दन्त चिकित्सा कक्ष मे- दांत शल्य क्रिया59, अल्ट्रासोनिक मशीन से पायिरिया का इलाज22, परमार्थ न्यास में आँखों की डिजिटल जांच की सुविधा स्व. प्रकाश शर्मा स्मृति कक्ष मे प्रारंभ हुई जिसमेङ्क आँखों की जाँच 16 एवं इलेक्ट्रिकल लैंप के माध्यम से चश्मे का नंबर प्रदान किये, निष्काम भाव से सेवको ने सेवा की। डॉ एस.के.शर्मा, डॉ मुकुल सिंघल, डॉ दीपक बंसल, प्रदीप शर्मा, सुषमा शर्मा, गुड्डी, लक्ष्मी, कस्तूरी, ममता, बबीता, ओमवती, मीरा, राजश्री, आशा, रामबेटी, मनीराम, हाकिम, होतम, श्याम शर्मा, भगवान शर्मा, रमेश बाउजी, दीपू तोमर, मयूर, सुरेश महेश्वरी, प्रकाश, अभिषेक, पुरुषोत्तम, रामसिंह, रामवीर, अरुण ने निन्शुल्क सेवाए प्रदान की। प्रत्येक रविवार की तरह सभी समाजसेवियो ने अपनी सेवाये परमार्थ न्यास में यथावत प्रदान की। भगवान स्वरूप में पधारे हुये सभी मरीजों ने अपना ईलाज कराया। परमार्थ न्यास में प्रत्येक रविवार की तरह सभी सेवकों ने उपस्थित होकर पूजा पाठ रामचरितमानस पाठ भकात्मल कथा विनय के पद रामरक्षा स्त्रोत का पाठ आरती एवं संकीर्तन किया एवं श्रवण लाभ लिया। आज परमार्थ न्यास में माधव दास जी पधारे आपने यहाँ पूजा में शामिल होकर रामचरित मानस पाठ भक्तमाल कथा रामरक्षास्तोत्र पाठ का श्रवण किया तथा परमार्थ न्यास के सभी सेवकों द्वारा की जा रही निःस्वार्थ सेवा का स्वरूप देखकर हृदय से प्रसन्नता प्रकट करते हुए कहा कि एक संतसे किसीने पूछा कि महाराज ! भगवान् में मन कैसे लगे ? संतने उत्तर दिया कि तुम स्वयं भगवान् में लग जाओ तो मन भी आप-से-आप भगवान् में लग जायगा। मन कहाँ जाता है? तुमने जहाँ-जहाँ अपना सम्बन्ध जोड़ा है, वहाँ-वहाँ मन जाता है। उसने कहा कि महाराज ! मन तो हरेक जगह चला जाता है! तो संतने कहा कि मनमें कभी वाइसरायकी चाय पीनेका संकल्प होता है क्या? नहीं होता। क्यों नहीं होता ? क्योंकि वहाँ हमने सम्बन्ध जोड़ा ही नहीं अतः जहाँ आपने सम्बन्ध नहीं जोड़ा, वहाँ मन नहीं जाता। जहाँ आपने सम्बन्ध जोड़ा है, वहीं मन जाता है। आप सम्बन्ध छोड़ दो तो मन वहाँ जाना छोड़ देगा। सब काम खुदका ही किया हुआ है - आप कमाया



कामड़ा, किणने दीजै दोष। खोजेजी री पालड़ी, काँदे लीनी खोस ॥ अपने ही द्वारा किये गये काममें किसको दोष दें ! खोजेजी नामक एक ठाकुरके गाँव पालड़ीको लोग खोजेजीकी पालड़ी कहकर पुकारा करते थे। एक बार खोजेजीके गाँवमें एक बहुत बड़ा काँदा (प्याज) पैदा हुआ।

उसको वे राजाके पास दिखानेके लिये ले गये। राजाके पास ले जानेसे उस गाँवकी काँदेकी पालड़ी नामसे प्रसिद्धि हो गयी और लोग उस गाँवको खोजेजीकी पालड़ी न कहकर काँदेकी पालड़ी कहकर पुकारने लग गये।अगर खुदका पक्का विचार होगा तो उसको खुद ही मिटा दोगे। अगर उसको पूरा मिटाना चाहते हो, पर अपनी शक्तिसे वह मिटता नहीं तो ऐसी अवस्थामें आप रो दोगे। यह विद्या हम सबने बालकपनमें काममें ली है। बालकपनमें कौन-सा काम रोनेसे नहीं हुआ ! रोनेसे सब काम हुए। छोटा बच्चा रो करके अपने मनकी बात पूरी करा लेता है। यह रोना आपके, हमारे सबके काममें लिया हुआ उपाय है। अतः भगवान् के आगे रो पड़ो, तो भगवान् को झख मारकर आना पड़ेगा। हम भगवान् के प्यारे-से-प्यारे बच्चे हैं। अगर हम बेचैन होकर रो पड़ें तो भगवान् की ताकत नहीं है कि हमारी उपेक्षा कर दें; कर ही नहीं सकते ! हम संसारके भोगोंको चाहते हैं, उनके संग्रहको चाहते हैं, तो ये चीजें रोनेपर भी नहीं मिलेंगी। प्रारब्धके अनुसार ये चीजें मिलनी होंगी तो मिलेंगी, नहीं मिलनी होंगी तो नहीं मिलेंगी। परंतु भगवान् के लिये रोना होगा तो उसको भगवान् सह नहीं सकेंगे। भगवान् संसारके दुःखकी परवाह नहीं करते। जो मनुष्य संसारका सुख चाहता है, वह तो एक प्रकारसे दुःख ही चाहता है। भगवान् मानो कहते हैं कि पहले मिला हुआ दुःख काफी है, और दुःख लेकर तू क्या करेगा ! इसलिये सांसारिक सुख माँगनेपर और उसके लिये रोनेपर भी भगवान् सांसारिक सुख दे ही दें-यह नियम नहीं है। इस प्रकार आपने स्वयं अपने भीतर जो संस्कार डाले हैं, वे ही उपजते हैं। अतः आपके किये हुए संस्कार ही उपजते हैं, आपके किये बिना एक भी संस्कार नहीं उपज सकता। ओर वहीं संस्कार अगली पीढ़ियों में पहुंचते हैं। आज मेजर रामकुमार शर्मा परमार्थ न्यास में मैने देखा कि समस्त सेवक जिस उदार भाव व वाणी से सेवा करते हैं उसे देखकर मैं हृदय से अपनी प्रसन्नता व्यक्त करता हूँ एवं जन मानस से आग्रह करता हूँ कि यहाँ प्रभु के दीन स्वरूप की सच्ची सेवा का लाभ ले। मैं सभी को आशीष, शुभकामनाएं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि परमार्थ न्यास के सभी सेवकों में जन मानस की सेवा सत्कर्म का भाव सदैव इसी प्रकार बना रहे। और यह सेवा सत्कर्म निरंतर चलता रहे।

**जरूरमंदो के लिए एक पहेल** - हमारा परमार्थ न्यास एम एस रोड पर भोज भवन के सामने स्थित है हर रविवार गरीबों व जरूरतमंदो को निशुल्क उपचार, दवाईयां और कपड़े उपलब्ध कराता है। अगर किसी के घर में जो दवाईयां और कपड़े उपयोग में ना हो वो लोग गरीबों व जरूरतमंदो के उपयोग हेतु हमे प्रदान कर सकते हैं या स्वयं परमार्थ न्यास पर आकर स्वयं दान दे सकते हैं। आपकी एक पहल जरूरतमंदो के बहुत काम आएगी। सभी शहर वासियों से निवेदन है कि शव को सुरक्षित रखने हेतु डीप फ्रीजर का उपयोग आवश्यकता होने पर किसी भी समय परमार्थ न्यास से 9827090180 पर संपर्क कर किया जा सकता है।

# छतरपुर : पत्नी के साथ इलाज कराने पहुंचे बुजुर्ग को डॉक्टर ने पीटा, घसीटकर ले गए पुलिस चौकी

**छतरपुर, एजेंसी ।** मध्य प्रदेश में छतरपुर स्थित जिला अस्पताल में पत्नी के साथ इलाज कराने के लिए पहुंचे बुजुर्ग के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। यहां डॉक्टर ने 77 वर्षीय बुजुर्ग मरीज को लात-घूंसों से पीटा और हाथ पकड़कर घसीटते हुए अस्पताल चौकी तक ले गया। वहां ले जाकर जमीन पर पटक दिया। घटना 17 अप्रैल को सुबह की है, लेकिन रविवार को इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद प्रशासन ने मामले की जांच की बात कही है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम नौगांव निवासी उधल लाल जोशी (77) बाते गुरुवार को अपनी पत्नी लाली जोशी (70) के साथ इलाज के लिए 30 किलोमीटर दूर से अस्पताल आए थे। वे सुबह 10 बजे अस्पताल के ओपीडी रूम नंबर 11 के सामने टोकन नंबर 178 लेकर लाइन में खड़े थे। जिला अस्पताल के ड्यूटी डॉक्टर राजेश अग्रवाल काफी देरी से ओपीडी रूप में आए। बुजुर्ग ने उनसे लेट आने का कारण पूछा। इससे डॉक्टर नाराज हो गए और पहले उनका पर्चा फाड़ दिया। फिर बुजुर्ग को थप्पड़ मार दिया और लात-घूंसों से पिटाई कर दी। इसके बाद एक कंपाउंडर की मदद से हाथ पकड़कर घसीटते हुए



अस्पताल में बनी पुलिस चौकी तक ले गए। वहां ले जाकर जमीन पर पटक दिया।

मौके पर मौजूद एक अन्य मरीज जीतेंद्र ने बताया कि पुलिस ने डॉक्टर और कंपाउंडर को केवल समझाइश देकर छोड़ दिया। बुजुर्ग दंपत्ति बिना इलाज कराए ही वापस लौट गए। इस मामले को लेकर सिविल सर्जन जीएल अहिरवार से मीडिया ने बात की तो उन्होंने कहा कि हमने डॉक्टर को समझा दिया है कि बुजुर्गों को सबसे पहले देखना है। इस तरह के कृत्य को लेकर स्थानीय लोगों के बीच नाराजगी है और उनका कहना है कि डॉक्टर एक बुजुर्ग के साथ इस तरीके का व्यवहार करता है, तो उसके साथ समझाइश नहीं बल्कि कार्रवाई होनी चाहिए। इससे पहले भी जिला अस्पताल में मरीजों के साथ मारपीट किए जाने के मामले सामने आ चुके हैं। मामले का वीडियो सामने आने के बाद एसडीएम अखिल राठौर ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इधर, कांग्रेस पार्टी ने मामले को लेकर मोहन यादव सरकार पर निशाना साधा है। एमपी कांग्रेस ने सोशल मीडिया एक्स पर वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा कि यह मोहन सरकार के कुशासन की तस्वीर है। छतरपुर के सरकारी अस्पताल में एक 77 वर्षीय बुजुर्ग मरीज को डॉक्टर ने अमानवीय तरीके से घसीटकर बाहर फेंक दिया। मोहन यादव जी, यह आपका कैसा विकास मॉडल है, जिसमें सरकारी अस्पतालों में इलाज नहीं यातनाएं मिल रही हैं। मध्य प्रदेश के सरकारी अस्पतालों से बार बार सामने आते दृश्य बता रहे हैं कि भाजपा राज में स्वास्थ्य सेवा नहीं प्रताड़ना बन गई है। वहीं, समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव ने रविवार को कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था में तत्काल सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने छतरपुर कलेक्टर पार्थ जैसवाल से मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

## ग्वालियर में 2.5 करोड सायबर ठगी के मामले में बंधन बैंक की पूर्व अधिकारी समेत नागदा से छह आरोपी गिरफ्तार

**नागदा, एजेंसी।** उज्जैन जिले के नागदा से मप्र की सबसे बड़ी ग्वालियर स्थित रामकृष्ण मिशन के सचिव स्वामी सुदिप्तानंद को 26 दिन तक डिजिटल अरेस्ट में रखकर 2.5 करोड़ की सायबर ठगी मामले में यहां से शनिवार देर रात ग्वालियर की क्राईम ब्रांच टीम ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें एक युवती को भी हिरासत में लिया गया, जो कि बंधन बैंक नागदा की पूर्व अधिकारी है।

क्राईम ब्रांच की टीम के रतनसिंह राठौड़ ने रविवार को मीडिया को बताया कि आरोपियों के बैंक खातों में डिजिटल अरेस्ट के शिकार हुए स्वामी के के खाते की ढाई करोड़ की राशि का कुछ हिस्सा ट्रांजेशन इन छह आरोपियों के बैंक खातों से मिला है। ठगी का मुख्य सरगना उदय पिता महेंद्र कुमार अभी फरार है।

**इन आरोपियों को पकड़ा**

नागदा थाना प्रभारी अमृतलाल गवली के मुताबिक क्राईम ब्राच टीम ने राहुल (22) पुत्र किशोर कहार निवासी चेतनपुरा नागदा, तुषार (26) पुत्र हेमंत गामे निवासी श्रीराम कॉलोनी नागदा, करण (19) पुत्र महेंद्र विनाग्या, शुभम (23) पुत्र प्रहलाद राठौड़, विश्वजीत (42) पुत्र कानुलाल बार्मन निवासी लोनेड सिटी रतलाम एवं काजल (27) पुत्री राजेश जायसवाल निवासी इंदिरा नगर उज्जैन को हिरासत में लिया गया। अधिकारी के मुताबिक काजल की मुख्य भूमिका सामने आई है। वह यहां बंधन बैंक शाखा नागदा में कार्य कर चुकी है। इनके बैंक खातों में 9 लाख 90 हजार का ट्रांजेक्शन सामने आया है। इस पूरे मामले का भंडाफोड़ इस सुराग से हुआ कि नागदा के आरोपी उदय कुमार के व्हाटस एप्प की चेटिंग से खुलासा हुआ। उदय के व्हाटस चेंटिंग में रामकृष्ण मिशन के सचिव स्वामी को डिजिटल अरेस्ट में रखकर ढाई करोड की ठगी के ट्रांजेक्शन के कुछ हिस्से का पता चला है।

## शहर का एक ओर युवा साइलेंट अटैक की चपेट में

**उज्जैन।** रविवार को शहर का एक ओर युवा साइलेंट अटेक की चपेट में आ गया। तिरूपति सालिटियर,कानीपुरा निवासी 32 वर्षीय सुमित आर्य की मौत हो गई। वह विद्युत विभाग में वायरमेन के पद पर कार्यरत था।



चिमनगंज मण्डी थाना पुलिस ने बताया कि रोजाना की तरह शनिवार शाम को वह काम से लौटा और भोजन करने के बाद कुछ समय टीवी देखी। इसके बाद सोने चला गया। रविवार सुबह उसकी मां प्रेमा उसे उठाने गई तो वह नींद से जागा नहीं। बहुत कोशिश के बाद मां ने परिजनों को जानकारी दी। परिजन उसे चरक अस्पताल लेकर गए,जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट कहा जा सकेगा। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

## तालाब में डूबने से दो की मौत, गांव में छाया मातम

**शिवपुरी।** शिवपुरी जिले के खनियाधाना थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम चमरऊआ गांव में रविवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। गांव के तालाब में नहाने गए एक युवक और एक किशोर की डूबने से मौत हो गई। यह हादसा दोपहर करीब 2ः30 बजे के आसपास का बताया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, चमरऊआ गांव निवासी करण पुत्र रघुवर केवट (18) और अभिषेक पुत्र विक्रम केवट (13) गांव के कुछ अन्य युवाओं के साथ नहाने के लिए तालाब गए थे। नहाते समय दोनों गहरे पानी में चले गए, जिससे वे डूबने लगे। मौके पर मौजूद अन्य ग्रामीणों ने उन्हें तालाब से बाहर निकाला, लेकिन तब तक दोनों की सांसे थम चुकी थीं।

## रीवा: बाइक को टक्कर मारकर तेज रफ्तार बस पलटी, दो लोगों की मौत, पांच घायल

**रीवा।** मध्य प्रदेश के रीवा जिले में सेमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हरदुआ में रविवार शाम एक तेज रफ्तार बस बाइक को टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बस में सवार पांच यात्री घायल हो गए। सूचना मिलते पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य करते हुए बस में फंसे हुए यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया है। जानकारी के अनुसार, रीवा से यात्रियों को लेकर बस सेमरिया जा रही थी। रविवार शाम करीब चार बजे ग्राम हरदुआ के पास ओवरटेक करने के चक्कर में बाइक को टक्कर मारने के बाद बस पलट गई और यह हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर सेमरिया थाना पुलिस पहुंची। पुलिस ने बस में फंसे हुए यात्रियों को बाहर निकाला और घायलों को एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने बताया कि तेज रफ्तार के कारण यह हादसा हुआ। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है।



# मध्य प्रदेश के वन और वातावरण हैं चीतों के अनुकूल : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

### मुख्यमंत्री ने गांधी सागर में 2 चीतों के छोड़े जाने के अवसर पर दी प्रदेश के नागरिकों को बधाई

**भोपाल, एजेंसी ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के गांधी सागर अभयारण्य में चीतों के छोड़े जाने पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गाँधी सागर अभयारण्य में 2 चीते छोड़े जाने का अवसर प्रसन्नता का विषय है। इस लुप्त प्रायः प्रजाति के वन्य प्राणी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से सितंबर 2022 में मध्य प्रदेश में पहली बार लाया गया था। अब इन चीतों का कुनबा बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मंदसौर जिले के गाँधी सागर अभयारण्य में 2 चीतों को छोड़ा जाना एक महत्वपूर्ण कदम है। ÷चीता प्रोजेक्ट÷ मध्यप्रदेश की एक महत्वाकांक्षी परियोजना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत करते हुए कहा कि इस परियोजना का उद्देश्य भारत में चीतों की संख्या बढ़ाना और उनकी प्रजाति को बचाना है। इसमें हमें सफलता भी मिल रही है। गाँधी सागर अभयारण्य प्रदेश का दूसरा ऐसा स्थान है, जहाँ



चीतों को बसाया जा रहा है। वन्य जीव पर्यटन की दृष्टि से आज एक ऐतिहासिक दिन है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चीतों की संख्या बढ़ाने के लिए दक्षिण अफ्रीका, केन्या और बोत्सवाना से चीतों को लाकर मध्यप्रदेश के जंगलों में बसाया जा रहा है। श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क में वर्तमान में 26 चीते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दुनिया के अन्य देशों में भी चीता पुनर्स्थापन के प्रयास हुए लेकिन उतनी सफलता नहीं मिल सकी। भारत में यह प्रोजेक्ट सफल हो रहा है। यहां चीतों की सर्वाइवल की दर अन्य देशों की अपेक्षा सर्वाधिक है। मध्यप्रदेश के वन और वातावरण चीतों के अनुकूल है। प्रदेश में कूनो के बाद गांधी सागर भी इनका घर बन रहा है। गाँधी सागर पश्चिमी मध्यप्रदेश में स्थित एक वन्य अभयारण्य है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह अभयारण्य प्रदेश के उज्जैन संभाग में मंदसौर और नीमच जिले में फैला हुआ है। कई सौ साल पहले क्षेत्र में जरूर चीते रहे भी होंगे। विलुप्त होने के वर्षों बाद अब उनका पुनः आगमन वन्य जीव पर्यटन के लिए भी शुभ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गांधी सागर अभयारण्य शैल चित्रों के लिए विश्व प्रसिद्ध चतुर्भुज नाला का हिस्सा है। निश्चित ही क्षेत्र में पर्यटन बढ़ेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विरासत के संरक्षण के साथ-विकास के मंत्र पर मध्यप्रदेश कार्य कर रहा है।

## राजगढ़ : जिले के 25 गांवों में एक साथ श्रमदान, जल संरचनाओं के जीर्णोद्वार में कलेक्टर भी जुटे

**राजगढ़।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत रविवार को जिले के 25 ग्रामों में एक साथ जल संरचनाओं का जीर्णोद्वार किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बारिश से पहले जल स्त्रोतों को तैयार कर वर्षा जल को संरक्षित करना है।

जिला कलेक्टर डॉ.गिरीशकुमार मिश्रा के नेतृत्व में यह अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिला स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों ने मिलकर श्रमदान किया। इस दौरान जल सरंचनाओं की सफाई और मरम्मत का कार्य किया गया। अभियान में मेहराजपुरा, बटेरिया, दोगड़ा, पड़लिया, चिबड़िया, चाठा, रावतपुरा, डोबी, डालपुरा, धामनिया, नारायणघाटा सहित 25 ग्रामों में एक साथ श्रमदान किया गया। इन ग्रामों में तालाब, कुएं, बावड़ियां और परकोलेशन टेंक की साफ-सफाई की गई साथ ही आवश्यकतानुसार मरम्मत की गई। इस पहल से जलस्त्रोतों की क्षमता बढ़ेगी, ग्रामीणों में जल संरक्षण के प्रति जागरुकता बढ़ेगी, इस सामूहिक प्रयास से जल संकट जैसी गंभीर समस्याओं का समाधान संभव होगा।

# आगरा में अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेम्स डेविड वेंस का स्वागत करेंगे सीएम योगी

- अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेम्स डेविड वेंस अपने परिवार सहित करेंगे ताज महल का दीदार
- योगी सरकार ने अमेरिकी उप राष्ट्रपति के स्वागत की भव्य तैयारी, भारतीय संस्कृति से होंगे रूबरू
- 12 किमी के संभावित रूट पर बनाए जा रहे 15 मंच, मंच पर होंगे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम
- एयरपोर्ट से शिल्पग्राम तक पूरे रास्ते भारत और अमेरिका के राष्ट्रीय ध्वज लहराते हुए आएंगे नजर

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** अमेरिका के उप राष्टपति जेम्स डेविड वेंस 23 अप्रैल को ताजमहल का दीदार करने आ रहे हैं। खेरिया एयरपोर्ट पर उन्हें सीएम योगी आदित्यनाथ अगवानी करेंगे। योगी सरकार के द्वारा अमेरिकी उप राष्टपति का भव्य स्वागत किया जाएगा। खेरिया एयरपोर्ट से लेकर शिल्पग्राम तक सड़क किनारे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। करीब 5 हजार बच्चे सड़क के दोनों ओर भारत और अमेरिका का राष्टीय ध्वज लेकर उनका स्वागत करेंगे। जेडी वेंस के साथ उनकी पत्नी उषा, उनके तीन बच्चे इवान, विवेक, मीराबेल और अमेरिकी प्रशासन के आला अधिकारी मौजूद रहेंगे। वह आगरा में करीब 3 घंटे रहेंगे। इस दौरान ताजमहल पब्लिक के लिए बंद रहेगा। जेम्स डेविड वेंस के प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार, 23 अप्रैल को सुबह 9.30 बजे जयपुर से आगरा पहुंचेंगे। इसको देखते हुए दोपहर 12 बजे तक ताजमहल बंद रहेगा। सुबह से ही टिकट की बिक्री बंद कर दी जाएगी। किसी को भी ताजमहल में एंट्री नहीं दी जाएगी। योगी सरकार के द्वारा खेरिया एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। सीएम योगी आदित्यनाथ अगवानी करेंगे। यहां मयूर नृत्य के साथ उनका स्वागत होगा। खेरिया एयरपोर्ट से उनका काफिला शिल्पग्राम की ओर आगे बढ़ेगा। 12 किमी की दूरी में 15 जगहों पर सांस्कृतिक मंच बनाए जाएंगे। जहां पर सांस्कृतिक कार्यक्रम



होंगे। यहां भारतीय कला और संस्कृति की झलक दिखाई देगी। एयरपोर्ट से शिल्पग्राम तक पूरे रास्ते भारत और अमेरिका के राष्टीय ध्वज लहराते हुए नजर आएंगे। साथ ही सड़क किनारे स्कूली बच्चे खड़े होकर उनका स्वागत करते नजर आएंगे। स्वागत में 20 से 25 स्कूलों के बच्चे रहेंगे। अमेरिकी उप राष्टपति जेम्स डेविड वेन्स के 23 अप्रैल को प्रस्तावित आगरा दौरे को देखते हुए रविवार को मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह ने तैयारियों को लेकर मंडलायुक्त कैंप कार्यालय पर अधिकारियों संग बैठक की। बैठक में मंडलायुक्त ने अमेरिकी उपराष्टपति से संबंधित तैयारियों संबंधी हुई प्रगति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी एयरपोर्ट पर अमेरिकी उप राष्टपति जेम्स डेविड वेन्स का स्वागत करेंगे। अमेरिकी उप राष्टपति के साथ उनकी पत्नी और तीन बच्चे और अमेरिकी प्रशासन के आला अधिकारी का एक प्रतिनिधिमंडल भी आ रहा है। दौरे के मद्देनजर संभावित रूट का निर्धारण कर लिया गया है। मार्ग अनुरक्षण, सौंदर्यीकरण का कार्य प्रगति पर है। अमेरिकी उपराष्टपति के स्वागत हेतु रूट पर भारतीय सांस्कृतिक विरासत को ध्यान में रखते हुए विभिन्न राज्यों तथा स्थानीय बृज लोक संस्कृति पर आधारित लोक नृत्य, संगीत, ड्रम वादन आदि के कार्यक्रम सांस्कृतिक कलाकारों, स्कूल ग्रुप तथा बच्चों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। इस दौरान अमेरिका तथा भारत के फ्लैग प्रदर्शित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सभी संबंधित विभागों से समन्वय कर सुरक्षा, संभावित रूट, सौंदर्यीकरण आदि के कार्य नोडल अधिकारी नामित कर ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

## लोगों ने किया प्रदर्शनः रेप के आरोपी की गिरफ्तारी की मांग, चेयरमैन के समझाने के बाद वापस लौटे

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** खेरागढ़ में रात को सोती हुई बच्ची को उठाकर रेप करने वाले आरोपी की दो दिन बाद भी गिरफ्तारी नहीं हुई है। इसको लेकर रविवार को खेरागढ़ में आक्रोशित लोगों ने धरना प्रदर्शन किया। बाद में चेयरमैन ने समझा बुझाकर धरना समाप्त कराया। खेरागढ़ में दो दिन पहले आधी रात को एक युवक 12 साल की बच्ची को गोदी में उठाकर ले गया था। गांव के बाहर देव स्थान पर उसके साथ रेप किया। आरोपी बच्ची को गोदी में ले जाते हुए सीसीटीवी में कैद हो गया था। पुलिस ने आरोपी की पहचान कर ली थी। इसके बाद आरोपी की जल्द गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें लगाई गई। मगर, 48 घंटे



बाद भी आरोपी गिरफ्तार नहीं हुआ। इसके विरोध में रविवार को खेरागढ़ नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों ने काम ठप कर दिया। वो धरने पर बैठ गए। आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की मांग करने लगे। करीब एक घंटे तक धरने पर बैठे रहे। इसके बाद चेयरमैन सुधीर गर्ग ने पुलिस से बात कर जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। इसके बाद ही आक्रोशित कर्मचारियों ने धरना समाप्त किया।

## बस ने दो दोस्तों को 500 मीटर घसीटा, मौतः आगरा से बाइक से अपने गांव लौट रहे थे, वारदात के बाद आरोपी ड्राइवर हिरासत में

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** आगरा-हाथरस मार्ग पर खंदौली यमुना एक्सप्रेस वे इंटरचेंज के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। एक प्राइवेट टूरिस्ट बस ने बाइक सवार दो दोस्तों को रौंद दिया। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान अवधेश जूरैल (28) और मुकुट जूरैल (32) के रूप में हुई है। दोनों थाना सादाबाद के गांव गोविंदपुर के रहने वाले थे। वे रात 11 बजे आगरा से अपने गांव लौट रहे थे। अवधेश आगरा में एक इलेक्ट्रिकल्स की दुकान में काम करता था। मुकुट पहली बार उसी दुकान पर काम करने गया था। हादसे के समय बाइक मुकुट चला रहा था। अलीगढ़ की तरफ से आ रही टूरिस्ट बस ने बेकाबू होकर





उन्हें टक्कर मार दी। बाइक बस के नीचे फंस गई। चालक बाइक को लगभग 500 मीटर तक घसीटता रहा। थाना प्रभारी खंदौली राकेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया है। बस चालक को हिरासत में लिया गया है। बस अलीगढ़ से आगरा जा रही थी। दोनों युवकों की शादी 6 साल पहले हुई थी। अवधेश के दो बच्चे हैं - एक 2 महीने का और दूसरा 5 साल का। मुकुट के भी दो बच्चे हैं। इस घटना से पूरे गांव में मातम छा गया है।

## उमरिया में एक तेज रफ्तार बस ने स्कूटी सवार को मारी टक्कर, हादसे में सैलून मालिक की मौत

**उमरिया।** उमरिया जिले के नौरोजाबाद नगर में हनुमान टेक के पास रविवार सुबह बस और स्कूटी में आमने सामने की भिंड़त हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूटी चालक बस के बोनट की ठोकर से गंभीर रूप से घायल हो गया और स्कूटी बस के सामने टायर की चपेट में आ गई। घटना के बाद घायल स्कूटी चालक ने अस्पताल पहुंचने से पहले दम तोड़ दिया। घटना के बाद डायल 100 पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार घटना नौरौजाबाद थाना क्षेत्र के जीएम कॉम्प्लेक्स के पास की है। मृतक संतोष सेन 50 निवासी दैगंवा नौरोजाबाद स्कूटी क्रमांक एमपी 52 एस 0923 पर सवार होकर हनुमान टेक के पास पहुंचा था।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक, रामविलास शर्मा द्वारा पहल प्रिंटर्स प्लाट नं. 27 बांके सैंथिया टाउन मौजा ककुआ आगरा, उत्तरप्रदेश से मुद्रित व 192,मानस नगर शाहगंज बोदला रोड आगरा (उत्तरप्रदेश) से प्रकाशित। संपादक- रामविलास शर्मा मोबा.-9329077393
स्थानीय संपादक- संतोष शर्मा मो.97202 02708, email-sandhyapahal@yahoo.com आर.एन.आई.पंजीयन क्रमांक UPHIN/2008/25338 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना ही रहेगा।